


आज धनतेरस


दैनिक सीहोर जिले का प्रथम दैनिक K ✌ K

RNI No.MPHIN/2003/10309

# क्षितिज ✌ किरण

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे | सीहोर जिले, होशंगाबाद संभाग एवं जबलपुर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र समाचार-पत्र

प्रेरणापुंज -विचित्र कुमार सिन्हा   वर्ष-22 अंक-220   सीहोर, शनिवार 18 अक्टूबर 2025   पृष्ठ-8 मूल्य -1 रूपये   सम्पादक- कृष्णकान्त सक्सेना


## छत्तीसगढ़ में 'लाल आतंक' की रीढ़ टूटी, 208 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण, AK-47 समेत 153 घातक हथियार डाले



रायपुर (ए)। छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद के खिलाफ चल रही लड़ाई में आज सुरक्षा बलों और सरकार को एक ऐतिहासिक सफलता मिली है। दंडकारण्य के घने जंगलों में सक्रिय 208 नक्सलियों ने एक साथ हथियार छोड़कर आत्मसमर्पण कर दिया है। इसे राज्य में अब तक का सबसे बड़ा आत्मसमर्पण माना जा रहा है। इन नक्सलियों ने AK-47 और INSAS राइफलों सहित कुल 153 घातक हथियारों का जखीरा भी जमा कराया है। इस बड़े आत्मसमर्पण के साथ ही नक्सलियों का गढ़ माना जाने वाला अबूझमाड़ क्षेत्र लगभग पूरी तरह से नक्सल-मुक्त हो गया है और उत्तर बस्तर से 'लाल आतंक' का लगभग सफाया हो गया है।छत्तीसगढ़ और केंद्र सरकार की नक्सल विरोधी नीतियां रंग ला रही हैं। पिछले दो दिनों में कुल 258 नक्सली मुख्यधारा में लौट चुके हैं, जिनमें छत्तीसगढ़ से 197 और पड़ोसी राज्य महाराष्ट्र से 61 नक्सली शामिल हैं। आज सरेंडर करने वालों में कई बड़े कमांडर भी शामिल हैं, जो जंगलों से निकलकर एक नई जिंदगी शुरू करना चाहते हैं।इस बड़ी कामयाबी पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने इसे 'ऐतिहासिक' करार दिया है। उन्होंने कहा कि अबूझमाड़ और उत्तर बस्तर अब नक्सल-मुक्त हैं। शाह ने दोहराया कि सरकार का लक्ष्य 31 मार्च 2026 तक पूरे देश से नक्सलवाद को जड़ से खत्म करना है।छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने भी इस पर खुशी जताते हुए कहा कि यह राज्य में शांति और विकास के एक नए युग की शुरुआत है। उन्होंने कहा कि नक्सलवाद अब हर मोर्चे पर हार रहा है आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों ने न केवल खुद को कानून के हवाले किया, बल्कि अपनी ताकत का प्रतीक रहे आधुनिक और पुराने हथियारों का एक बड़ा जखीरा भी सुरक्षा बलों को सौंप दिया है। जमा कराए गए कुल 153 हथियारों में 19 खूंखार AK-47 राइफलें, 23 INSAS राइफलें और 17 SLR जैसी घातक ऑटोमेटिक राइफलें शामिल हैं। इसके अलावा, एक INSAS LMG (लाइट मशीन गन), 11 BGL लॉन्चर और 4 कार्बाइन भी जमा कराए गए हैं। इस जखीरे में 36 पुरानी 303 राइफलें, 41 बारह-बोर की बंदूकें और एक पिस्टल भी शामिल है। इतने बड़े पैमाने पर इन खतरनाक हथियारों के जमा होने से सुरक्षा बलों को बड़ी राहत मिली है।अबूझमाड़ का घना जंगली इलाका, जो सालों से नक्सलियों का गढ़ था, अब विकास की मुख्यधारा से जुड़ेगा। यहां अब सड़कें, स्कूल और अस्पताल बन सकेंगे और लोग बिना डर के जीवन जी सकेंगे। सरकार के अनुसार, अब केवल दक्षिण बस्तर के कुछ इलाकों में ही नक्सल समस्या बची है, जिसे जल्द खत्म करने की उम्मीद है।



राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने नई दिल्ली में प्रमुख सचिव जनजातीय कार्य गुलशन बामरा को आदि कर्मयोगी अभियान, पीएमजनमन में मध्यप्रदेश के उत्कर्ष प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया।

### भारत की वायुसेना अब दुनिया में तीसरे नंबर पर, चीन को पछाड़ निकली आगे

वॉशिंगटन,(ए)। भारत ने दुनिया की तीसरी सबसे शक्तिशाली वायुसेना का खिताब हासिल कर लिया है। वर्ल्ड डायरेक्टरी ऑफ मॉर्डन मिलिट्री एयरक्राफ्ट की रैंकिंग में शीर्ष पर अमेरिका का दबदबा कायम है। इसके बाद रूस का नंबर आता है। चीन पहले तीसरे स्थान पर था अब चौथे पर पहुंच गया है। भारत का उदय एशिया के सामरिक संतुलन में एक नाटकीय बदलाव का संकेत माना जा रहा है। डब्ल्यूडीएमएमए रैंकिंग में 103 देश और 129 वायु सेनाएं शामिल हैं, जिनमें सेना, नौसेना और नेवल एविएशन ब्रांच भी शामिल हैं। इस रैंकिंग में दुनिया भर में कुल 48,082 विमानों पर नजर रखी है।वैश्विक सैन्य रणनीति में वायु शक्ति को एक निर्णायक कारक माना जाता है।

### धनतेरस पर होगी ज्वैलर्स पर धन की बारिश, 50 हजार करोड़ रुपये की ब्रिकी का अनुमान



#### सोने-चांदी के सिक्कों की बिक्री में जबरदस्त उछाल

नई दिल्ली (ए.)। दिवाली के मौके पर इस वर्ष दिल्ली सहित देशभर के बाजारों में बड़ी धूमधाम है। इसकारण लंबे समय के बाद व्यापारियों और ग्राहकों के चेहरे पर खुशी साफ दिख रही है। शनिवार को धनतेरस का बड़ा त्यौहार है और इस दिन सोने-चांदी, बर्तन, रसोई के सामान आदि को खरीदना शुभ माना जाता है। कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) और इसके ज्वेलरी विंग ऑल इंडिया ज्वैलर्स एंड गोल्डस्मिथ फेडरेशन (एआईजेजीएफ) की ओर से धनतेरस के मौके पर करीब 50 हजार करोड़ रुपये से अधिक के सोने-चांदी के व्यापार का अनुमान लगा है। कैट और एआईजेजीएफ की ओर से देशभर के सर्राफा बाजारों में धनतेरस को लेकर हुए सर्वेक्षण में पता चला है कि इस साल सोने-चांदी के सिक्कों की बिक्री में जबरदस्त उछाल है। जबकि स्वर्ण आभूषणों की बिक्री में कुछ गिरावट का अनुमान है। कैट के राष्ट्रीय महामंत्री और चांदनी चौक से सांसद प्रवीन खंडेलवाल व एआईजेजीएफ के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंकज अरोरा ने बताया कि सोने-चांदी के रिकॉर्ड ऊंचे दाम के चलते मध्यम और उच्च वर्ग के ग्राहक निवेश के रूप में अब ठोस सिक्कों को अधिक प्राथमिकता दे रहे हैं।

### राहुल गांधी ने हरिओम वाल्मीकि के परिजनों से की मुलाकत, कहा- यूपी में लगातार हो रहा दलितों का उत्पीड़न



फतेहपुर (आरएनएस)। उत्तर प्रदेश के रायबरेली में मारे गए दलित युवक हरिओम वाल्मीकि पर देश का सियासी माहौल अभी भी गर्म है। हरिओम वाल्मीकि के परिजनों से शुक्रवार को रायबरेली सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने मुलाकात की है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में लगातार दलितों का उत्पीड़न हो रहा है।लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि पीड़ित परिवार के साथ हत्यारों जैसा व्यवहार हो रहा है। हरिओम की बहन बीमार है, उसे घर में बंद कर रखा गया है। उत्तर प्रदेश में लगातार दलितों का उत्पीड़न हो रहा है। भाजपा राज में पूरे देश में दलितों के साथ अत्याचार और बलात्कार हो रहा है। उन्होंने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से अपील करते हुए हरिओम के परिवार को न्याय देने की मांग की और अपराधियों पर जल्द से जल्द कार्रवाई करने की मांग की।

### केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी का ऐलान

#### भारत की लॉजिस्टिक्स लागत दिसंबर तक घटकर एकल अंक में आ जाएगी

नई दिल्ली (ए) । केंद्रीय सडक परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने शुक्रवार को कहा कि भारत की लॉजिस्टिक्स कॉस्ट (परिवहन लागत) इस साल दिसंबर तक सिंगल डिजिट यानी 9 प्रतिशत तक आ जाएगी। उन्होंने बताया कि यह कमी देशभर में तेजी से बन रहे एक्सप्रेसवे और आर्थिक गलियारों (इकोनॉमिक कॉरिडोर्स) की वजह से संभव हो पाई है। गडकरी एसोचैम वार्षिक सम्मेलन 2025 को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने बताया कि आईआईटी चेन्नई, आईआईटी कानपुर और आईआईएम बंगलूरू की एक संयुक्त रिपोर्ट के अनुसार, भारत की लॉजिस्टिक्स कॉस्ट पहले 16 प्रतिशत थी, जो अब घटकर 10 प्रतिशत रह गई है। नितिन गडकरी ने कहा कि दिसंबर तक यह लागत 9 प्रतिशत तक आ जाएगी।

### प्रदेश भर में अवैध पटाखे तैयार करने वालो के खिलाफ एक्शन मोड में आई एमपी पुलिस

#### - दीपावली से पहले ही लाखो की विस्फोटक सामग्री बरामद



भोपाल(ए)। मध्यप्रदेश पुलिस ने दीपावली और अन्य प्रमुख पर्वों के अवसर पर नागरिक सुरक्षा और सार्वजनिक शांति सुनिश्चित करने के लिए प्रदेशभर में अवैध विस्फोटक सामग्री के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई की है। पुलिस बल ने बिना लाइसेंस विस्फोटक पदार्थों के निर्माण, भंडारण, परिवहन और बिक्री पर लगातार निगरानी रखी। इस कार्रवाई के दौरान अब तक प्रदेश के विभिन्न जिलों में कुल 24 लाख 36 हजार 200 रुपये मूल्य की अवैध विस्फोटक सामग्री जब्त की जा चुकी है।

### भारत-नेपाल सेना प्रमुखों ने की मुलाकात, शांति अभियानों में सहयोग बढ़ाने पर जोर



नई दिल्ली,(ए)। आर्मी चीफ जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने नई दिल्ली में संयुक्त राष्ट्र सैन्य योगदान देने वाले देशों के प्रमुखों के सम्मेलन (यूएनटीसीसी) में नेपाली सेना के लेफ्टिनेंट जनरल प्रदीप जंग, एसीओएएस से मुलाकात की। दोनों नेताओं ने जॉइंट ट्रेनिंग समेत व्यापक चर्चा की और दोनों पड़ोसी सेनाओं के बीच स्थायी साझेदारी पर विचार-विमर्श किया। भारतीय सेना के अतिरिक्त लोक सूचना महानिदेशालय (एडीजीपीआई) ने एक्स पर एक पोस्ट में बैठक की डिटेल शेयर की। एडीजीपीआई ने पोस्ट लिखा- नई दिल्ली में यूएनटीसीसी2025 के मौके पर, जनरल उपेंद्र द्विवेदी, चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ ने नेपाली सेना के एसीओएएस लेफ्टिनेंट जनरल प्रदीप जंग के साथ द्विपक्षीय बैठक की।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव आज पूरा दिन किसानों के बीच रहेंगे

**किसानों के साथ मनायेंगे धनतेरस मुख्यमंत्री डॉ. यादव करेंगे किसानों की बात, किसानों के साथ**

### मुख्यमंत्री राजगढ़ एवं सीहोर में भी किसान सम्मेलन में शामिल होंगे

भोपाल मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शनिवार 18 अक्टूबर को सुबह से देर शाम तक किसान भाइयों के बीच रहेंगे और उनके साथ धनतेरस मनायेंगे। मुख्यमंत्री शनिवार को मुख्यमंत्री निवास में आयोजित किसान सम्मेलन में किसान भाइयों से सीधा संवाद भी करेंगे। इसके बाद राजगढ़ जिले के ब्यावरा और सीहोर जिले के बिलकिसगंज झागरिया में आयोजित किसान सम्मेलनों में शामिल होकर किसानों को राहत राशि का वितरण करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ब्यावरा में प्राकृतिक आपदा से प्रभावित किसानों को 277 करोड़ रूपये की राहत राशि का अंतरण करेंगे एवं 33 करोड़ रूपये की लागत की ब्यावरा नगर जल प्रदाय योजना का भूमिपूजन करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव यहां 193 करोड़ रूपये की लागत के 41 विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण भी करेंगे। बाद में मुख्यमंत्री डॉ. यादव सीहोर जिले के बिलकिसगंज झागरिया में आयोजित किसान सम्मेलन में शामिल होंगे और यहां जिले के 2 लाख से अधिक किसानों को फसल क्षति की 118 करोड़ रूपये से अधिक की



राहत राशि सिंगल क्लिक के जरिए किसानों के खाते में अंतरित करेंगे।मुख्यमंत्री निवास में किसान सम्मेलनमुख्यमंत्री डॉ. यादव शनिवार की सुबह मुख्यमंत्री निवास परिसर में आयोजित किसान सम्मेलन में किसानों के बीच उनसे उनके हित की बात करेंगे। किसानों से संवाद में मुख्यमंत्री राज्य सरकार द्वारा कृषि एवं सम्बद्ध क्षेत्रों के विकास की दिशा में उठाए जा रहे विभिन्न कल्याणकारी कदमों और नवाचारों पर भी प्रकाश डालेंगे।मुख्यमंत्री डॉ. यादव किसानों के साथ धनतेरस और दीपावली पर्व की शुरुआत करेंगे। किसान भाई सोयाबीन की फसल को भावांतर योजना के दायरे में लाने की युगांतकारी पहल के लिए मुख्यमंत्री डॉ यादव का आभार भी व्यक्त करेंगे। इस किसान सम्मेलन में नर्मदापुरम, भोपाल, सीहोर, राजगढ़, रायसेन और विदिशा जिलों के करीब 2500 से अधिक प्रगतिशील किसान शामिल होंगे।किसान सम्मेलन का उद्देश्य प्रदेश के किसानों को भावांतर भुगतान योजना की जानकारी देना और उन्हें योजना का अधिकतम लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित करना है। इस अवसर पर कृषि विभाग के वरिष्ठ अधिकारी किसानों को योजना की प्रक्रिया, पात्रता तथा लाभ वितरण से संबंधित विस्तृत जानकारी देंगे। भावांतर योजना के तहत प्रदेश के सोयाबीन उत्पादक किसान 24 अक्टूबर 2025 से 15 जनवरी 2026 तक अपनी फसल कृषि उपज मंडियों में विक्रय कर सकेंगे। राज्य सरकार द्वारा योजना में पात्र किसानों के आधार लिंक बैंक खातों में भावांतर की राशि फसल विक्रय के 15 दिन के भीतर सीधे जमा कर दी जाएगी।

### धनतेरस आज




### स्वदेशी लड़ाकू विमान तेजस एमके1ए ने भरी पहली सफल उड़ान, रक्षा मंत्री बोले- यह ऐतिहासिक पल



नई दिल्ली (आरएनएस)। भारत की आत्मनिर्भर रक्षा शक्ति को आज एक नई बुलंदी मिली जब देश के उन्नत स्वदेशी लड़ाकू विमान तेजस एमके1ए (Tejas Mk 1ए) ने आज सफलतापूर्वक अपनी पहली उड़ान भरी। हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (HAL) के नासिक स्थित एयरक्राफ्ट मैन्यूफैक्चरिंग डिविजन से इस लड़ाकू विमान ने उड़ान भरकर आसमान में अपनी ताकत का प्रदर्शन किया। इस ऐतिहासिक पल के गवाह खुद रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह बने, जिन्होंने इस उपलब्धि को देश के लिए एक मील का पत्थर बताया। तेजस की यह पहली उड़ान भारत में अगली पीढ़ी के लड़ाकू विमानों के निर्माण की दिशा में एक बहुत बड़ा और महत्वपूर्ण कदम है। इस विशेष अवसर पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने एलसीए एमके1ए की तीसरी प्रोडक्शन लाइन का भी उद्घाटन किया, जिससे विमानों के उत्पादन में और तेजी आएगी।

इससे पहले गुरुवार को, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने एचएएल के नए 'मिनी स्मार्ट टाउनशिप' प्रोजेक्ट का उद्घाटन करते हुए संस्थान की जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा कि एचएएल ने इस प्रोजेक्ट के जरिए सस्टेनेबल डेवलपमेंट (सतत विकास) में एक मिसाल कायम की है। राजनाथ सिंह ने कहा, जब पूरी दुनिया पर्यावरण बचाने की बात कर रही है, ऐसे में HAL का यह मॉडल दूसरी इंडस्ट्रीज के लिए एक बेंचमार्क बनेगा।

हालांकि, तेजस एमके1ए को भारतीय वायुसेना के बेड़े में कब शामिल किया जाएगा, इसकी आधिकारिक तारीखों का ऐलान अभी नहीं हुआ है। लेकिन, एचएएल के अनुसार, आने वाले चार वर्षों के भीतर भारतीय वायुसेना को 83 तेजस मार्क1ए लड़ाकू विमानों की आपूर्ति कर दी जाएगी।

### वकील ने महिला का हाथ पकड़कर खींचा और कर लिया किस

नई दिल्ली,(ए)। दिल्ली हाईकोर्ट में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए सुनवाई में एक वकील के रोमांस का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। इसमें कुर्सी पर बैठा वकील एक महिला का हाथ पकड़कर उसे अपनी ओर खींचने की कोशिश करता दिख रहा है। महिला इस दौरान हिचकिचाती नजर आ रही है। वह पीछे हटने की कोशिश करती है, लेकिन वकील उसे अपनी ओर खींच लेता है और उसे किस करता है। इसके बाद वह महिला पीछे हट जाती है। जानकारी के मुताबिक ये पूरी घटना कोर्ट की ऑनलाइन कार्यवाही से जुड़े लोगों के सामने हुई, क्योंकि वकील के लैपटॉप का कैमरा ऑन था। घटना 14 अक्टूबर की बताई जा रही है। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से कार्यवाही को लेकर मामले से जुड़े सभी लोग ऑनलाइन जुड़े थे।

### रमा एकादशी पर भांग से हुआ बाबा महाकाल का दिव्य श्रृंगार, दर्शन के लिए लगा भक्तों का तांता



उज्जैन (आरएनएस)। शुक्रवार को देश भर में कार्तिक मास कृष्ण पक्ष की रमा एकादशी मनाई जा रही है। एकादशी का मुहूर्त गुरुवार से शुरू हो गया था और शुक्रवार को 11 बजकर 12 मिनट तक रहेगा। रमा एकादशी के खास मौके पर उज्जैन के बाबा महाकाल का भांग से श्रृंगार किया है। भांग से बाबा के त्रिनेत्र बनाए गए और दर्शन करने के लिए मंदिर में भक्तों की भीड़ मंदिर में देखी गई। शुक्रवार को प्रातः बाबा महाकाल की भस्म आरती के दौरान भक्तों का तांता लगा रहा। बाबा महाकाल की भस्म आरती के बाद उनका दूध, दही, घी, शक्कर, पंचामृत और फलों के रस से जलाभिषेक किया गया और उसके बाद बाबा का दिव्य स्वरूप में श्रृंगार किया गया। मंदिर के पुजारी पंडित महेश शर्मा के मुताबिक बाबा के आज के श्रृंगार बहुत खास हैं क्योंकि भांग से बाबा को सजाया गया। भांग से बाबा के त्रिनेत्र बनाए गए और माथे पर त्रिपुंड लगाया गया। इसके साथ ही नया मुकुट और रुद्राक्ष और मुंड माला धारण करवाई गई। बाबा का रूप इतना मनमोहक था कि भक्त निहारते ही रह गए।बाबा के दिव्य रूप के दर्शन के लिए भक्तों की लंबी लाइन देखी गई।

भक्तों ने श्रृंगार के बाद बाबा के दर्शन किए और 'जय श्री महाकाल' के जयघोष से पूरा मंदिर परिसर गूंज उठा।

### ईडी ने एल्विश यादव और फाजिलपुरिया के खिलाफ चार्जशीट की दाखिल

गुरुग्राम(आरएनएस)। यूट्यूबर एल्विश यादव और पंजाबी सिंगर फाजिलपुरिया के लिए मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गुरुग्राम स्थित पीएमएलए की विशेष अदालत में दोनों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की है। इस चार्जशीट में चंडीगढ़ की कंपनी स्काई डिजिटल को भी दोषी ठहराया गया है। अदालत ने मामले को संज्ञान में लेकर दोनों आरोपितों को जल्द ही तलब करने का फैसला किया है। इसके बाद ही अदालत इस मामले में आगे की कार्रवाई करेगी। ईडी की जांच में यह खुलासा हुआ है कि पंजाबी गायक फाजिलपुरिया के गाने 32 बोर से करीब 52 लाख रुपये की कमाई हुई थी। इस कमाई का एक बड़ा हिस्सा बिजनौर में तीन एकड़ जमीन खरीदने में खर्च किया गया, जिसकी कीमत लगभग 50 लाख रुपये थी। साथ ही, जांच के दौरान एल्विश यादव और फाजिलपुरिया के बैंक खातों से कुल तीन लाख रुपये जब्त किए गए, जबकि स्काई डिजिटल कंपनी के खाते से दो लाख रुपये जब्त किए गए।





# संक्षिप्त समाचार

## भोपाल में राष्ट्रीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी 18 नवम्बर से

**- प्रदर्शनी में 700 बाल वैज्ञानिक करेंगे सहभागिता**

भोपाल, (आरएनएस) । राष्ट्रीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी का 52वां आयोजन राजधानी भोपाल के श्यामला हिल्स स्थित क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान में 18 नवम्बर से होगा। प्रदर्शनी में देश के विभिन्न राज्यों के 700 बाल वैज्ञानिक सहभागिता करेंगे। प्रदर्शनी में प्रतिदिन 5 हजार से अधिक विद्यार्थी और नागरिकों के शामिल होने का अनुमान लगाया गया है। प्रदर्शनी का समापन 23 नवम्बर को होगा। स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह ने शुक्रवार को राष्ट्रीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी के आयोजन एवं व्यवस्थाओं के संबंध में बैठक ली। मंत्री सिंह ने कहा कि आयोजन के दौरान ऐसी व्यवस्था की जाये जिससे देश के विभिन्न राज्यों से आने वाले विभिन्न प्रतिभागी मध्य प्रदेश की संस्कृति और परम्पराओं से परिचित हो सके। बैठक में आवास एवं परिवहन व्यवस्थाओं पर भी चर्चा हुई। स्कूल शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने आयोजन के संबंध में उपयोगी सुझाव दिये। कार्यक्रम के आयोजन में एनसीईआरटी का सहयोग रहेगा।

## ओंकारेश्वर में सिंहस्थ से जुड़े कार्यों की हुई समीक्षा

**नगरीय प्रशासन आयुक्त ने निर्माण कार्यों को समय पर पूरे करने के दिये निर्देश**

भोपाल (निप्र)। आयुक्त नगरीय प्रशासन एवं विकास संकेत भोंडवे ने शुक्रवार को खण्डवा जिले के ओंकारेश्वर में सिंहस्थ से जुड़े विभिन्न निर्माण कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने विभागवार किये जा रहे कार्यों की जानकारी प्राप्त कर संबंधितों को निर्देश दिये कि सभी कार्य गुणवत्ता के साथ टाइम फ्रेम में पूरे किये जायें।आयुक्त ने कहा कि सिंहस्थ-2028 में उज्जैन के साथ बड़ी संख्या में श्रद्धालु ओंकारेश्वर पहुँचेंगे। श्रद्धालुओं को सभी आवश्यक सुविधाएँ मिलें, इस बात को ध्यान में रखकर निर्माण कार्य पूरे किये जायें। उन्होंने गुरुवार 16 अक्टूबर को कार्य स्थल पहुँचकर प्रगति की जानकारी प्राप्त की। भ्रमण के दौरान उन्होंने पीएचई, पीडब्ल्यूडी, एमपीईबी, पर्यटन विकास द्वारा किये जा रहे निर्माण कार्यों के बारे में अधिकारियों से चर्चा की। एनएचडीसी के प्रशासनिक भवन में हुई बैठक में कलेक्टर ऋषभ गुप्ता ने सिंहस्थ-2028 में मंजूर हुए कार्यों की जानकारी दी। बैठक में खण्डवा, बुरहानपुर एवं खरगौन जिलों के मुख्य नगरपालिका अधिकारी ने अपने जिले में किये जा रहे कार्यों की जानकारी दी।

## सितम्बर माह में भोपाल मंडल को 141.38 करोड़ की आय- यात्री एवं माल परिवहन में बेहतर प्रदर्शन

भोपाल (निप्र)। मंडल द्वारा रेल सेवाओं की गुणवत्ता सुधार और राजस्व में वृद्धि की दिशा में निरंतर कार्य किए जा रहे हैं। इसी क्रम में वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ कटारिया के नेतृत्व में वाणिज्य विभाग की टीम ने समन्वित प्रयासों से सितम्बर 2025 में 141.38 करोड़ का राजस्व अर्जित किया है। इस कुल राजस्व में प्रमुख योगदान यात्रियों से हुई आय का रहा, जिसमें लगभग 32.60 लाख यात्रियों से 81.83 करोड़ प्राप्त हुए। इसके अतिरिक्त माल परिवहन से 51.98 करोड़, अन्य कोचिंग सेवाओं से 4.64 करोड़ तथा विविध स्रोतों से 2.93 करोड़ की आय प्राप्त हुई, जो यह दर्शाता है कि मंडल ने यात्री सुविधाओं और माल ढुलाई दोनों ही क्षेत्रों में संतुलित रूप से बेहतर प्रदर्शन किया है। भोपाल मंडल रेल प्रशासन यात्रियों को सुगम, सुरक्षित एवं शिकायत रहित रेल सेवा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। साथ ही, राजस्व वृद्धि हेतु आधुनिक तकनीकों, बेहतर ग्राहक सेवा और व्यावसायिक रणनीतियों के माध्यम से सतत कार्य किया जा रहा है। रेलवे सेवाओं से जुड़े प्रत्येक उपयोगकर्ता का सहयोग इस उपलब्धि में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है और मंडल प्रशासन इसके लिए आभार प्रकट करता है।

## गुना एवं विदिशा स्टेशन पर यात्रियों से किया गया अमृत संवाद

भोपाल (ए.)। मंडल रेल प्रबंधक पंकज त्यागी के मार्गदर्शन में एवं वरिष्ट मंडल वाणिज्य प्रबंधक के नेतृत्व में गुना एवं विदिशा स्टेशन पर यात्रियों से अमृत संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य यात्रियों एवं रेल प्रशासन के बीच संवाद स्थापित कर रेलवे सेवाओं को और अधिक जनोन्मुखी तथा प्रभावी बनाना था। यह आयोजन भारतीय रेल के स्वच्छता अभियान 5.0 के तहत किया गया। अमृत संवाद के दौरान कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारीयों ने यात्रियों से स्वच्छता एवं यात्री सुविधा से सम्बंधित संवाद कर उनसे फीडबैक लिया और उनकी समस्याओं और सुझावों पर चर्चा की । संवाद के दौरान यात्रियों ने यात्रा के दौरान अपने अनुभवों को साझा किया जिनके प्रत्येक सवाल का जवाब दिया गया । यात्रियों ने रेलवे द्वारा यात्री सुविधा एवं स्वच्छता के क्षेत्र में किए जा रहे प्रयासों की सराहना भी की और संतोष व्यक्त किया। साथ ही उन्होंने स्वच्छता एवं यात्री सुविधा को और अधिक बेहतर बनाने के लिए अपने बहुमूल्य सुझाव भी दिए। यात्रियों द्वारा दिए गए फीडबैक और सुझावों को ध्यान में रखते हुए रेल प्रशासन द्वारा बेहतर यात्री सुविधाएँ मुहैया कराने का आश्वासन दिया गया । अमृत संवाद के दौरान गुना स्टेशन पर सहायक अभियंता रजनीकान्त शेखर, सहायक मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता शैलेन्द्र गुप्ता, मंडल वाणिज्य निरीक्षक अनिल नायर सहित पर्यवेक्षक उपस्थित रहे एवं विदिशा स्टेशन पर सहायक वाणिज्य प्रबंधक वासुदेव सरकार, सहायक अभियंता अशोक कुमार, स्टेशन प्रबंधक आर.बी ठाकुर सहित पर्यवेक्षक उपस्थित रहे।

## एजुकेशन वर्ल्ड इंडिया स्कूल रैंकिंग में भोपाल के मॉडल स्कूल को पहला स्थान मिला

**हैट्रिक बनाने वाला मध्यप्रदेश का सरकारी क्षेत्र का पहला स्कूल**

भोपाल (ए.)। भोपाल के मॉडल हायर सेकेंडरी स्कूल, टी.टी. नगर ने एजुकेशन वर्ल्ड संस्था की ओर से जारी सरकारी स्कूलों के रैंकिंग में वर्ष 2025-26 में पहला स्थान प्राप्त किया है। मॉडल स्कूल को यह सम्मान स्टूडियो क्लास, इन्फ्रास्ट्रक्चर और साइकोलॉजी और अन्य विशेषताओं के कारण मिला है एजुकेशन वर्ल्ड शिक्षकों एवं अभिभावकों के लिए पोर्टल है, जो हर साल विश्व स्तरीय स्कूलों की रैंकिंग जारी करता है। इस रैंकिंग में मॉडल स्कूल ने पिछले परीक्षा परिणाम, सांस्कृतिक गतिविधियों, इंफ्रास्ट्रक्चर, शिक्षकों की उपलब्धता उनका आउटपुट, मेंटल और इमोशनल वैलबीइंग सेवाओं, खेल, अकादमिक गतिविधियों एवं अन्य आधारों पर की गई है। इन सभी क्षेत्रों में पूरे भारत से विद्यालय चयनित किए जाते हैं एवं उनके आधार पर निर्धारित मानकों में से अंक दिए जाते हैं स्कूल में उपलब्ध सुविधाओं के आधार पर मार्किंग की जाती है। माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा संचालित मॉडल हायर सेकेंडरी स्कूल टी.टी. नगर ने लगातार 3 वर्ष शासकीय क्षेत्र के विद्यालयों की कैटेगरी में अपना स्थान बनाया है। यह स्कूल प्रदेश का एकमात्र स्कूल बन गया है, जिसने शिक्षा की गुणवत्ता के आधारपर अपना स्थान बनाया है। नई दिल्ली में आयोजित समारोह में केन्द्र सरकार के वित्तीय सलाहकार विनय प्रताप सिंह ने मॉडल स्कूल की प्राचार्य रेखा शर्मा को गुरूवार को पुरस्कृत किया गया।

# विश्व के सबसे बड़े हैंडीक्राफ्ट मेले में चमका मध्यप्रदेश का बाग प्रिंट





भोपाल (ए.)। दिल्ली-एनसीआर के इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट, ग्रेटर नोएडा में आयोजित 60वें इंडियन हैंडीक्राफ्ट्स एंड गिफ्ट्स दिल्ली फेयर 2025 में भारत की पारंपरिक कला और हस्तशिल्प की अनूठी झलक ने सभी का मन मोह लिया। इस अंतरराष्ट्रीय मेले में देश-विदेश से आए हजारों खरीदारों, डिजाइनरों और व्यवसायियों के बीच मध्यप्रदेश के बाग प्रिंट आकर्षण का मुख्य केंद्र रहा। यह फेयर एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल फॉर हैंडीक्राफ्ट्स द्वारा आयोजित किया गया और इसे दुनिया के सबसे बड़े B2B (बिजनेस-टू-बिजनेस) ट्रेड फेयर्स में गिना जाता है। पारंपरिक बाग प्रिंट की बारीकियों और प्राकृतिक रंगों की तकनीक को बाग शिल्पकार आरिफ खत्री ने अपने स्टॉल पर देशी और विदेशी मेहमानों के सामने प्रदर्शित किया। उन्होंने बताया कि लकड़ी के ब्लॉक से कपड़े पर बाग प्रिंट की अनूठी छपाई की जाती है। कई विदेशी प्रतिनिधि उनके पास रुककर बाग प्रिंट के इतिहास, प्रक्रिया और पर्यावरण-अनुकूल स्वरूप के बारे में विस्तार से जानकारी लेते नजर आए। बाग प्रिंट सिर्फ एक कला नहीं, बल्कि भारत की सांस्कृतिक धरोहर है, जिसे आज भी प्राकृतिक रंगों और पारंपरिक तरीकों से जीवित रखा गया है।

पांच दिवसीय मेले में करीब 3,000 से अधिक भारतीय निर्माता और निर्यातक शामिल हुए। 110 से अधिक देशों के खरीदारों ने भाग लिया, जिनमें अमेरिका, फ्रांस, स्पेन, जापान, ऑस्ट्रेलिया, जर्मनी और यूके जैसे प्रमुख देशों के आयातक भी शामिल थे।

प्रदर्शनी में विदेशी खरीदारों ने बाग उत्पादों में गहरी रुचि दिखाई और बाग प्रिंट को वैश्विक बाजार में आगे बढ़ाने के लिए सहयोग की इच्छा जताई।

भारत सरकार द्वारा जीआई टैग प्राप्त है बाग प्रिंट मध्यप्रदेश की सांस्कृतिक पहचान बन चुका है। यह कला न केवल पर्यावरण-अनुकूल है बल्कि भारत के 'मेक इन इंडिया' अभियान की सच्ची मिसाल भी है। इस प्रिंट की खासियत है कि इसमें उपयोग किए जाने वाले सारे रंग पूरी तरह प्राकृतिक स्रोतों से तैयार किए जाते हैं। बाग प्रिंट 'वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट (ODOP)' योजना के तहत धार जिले का प्रतिनिधि उत्पाद भी है।




उच्च शिक्षा मंत्री इन्दर सिंह परमार ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 पर केंद्रित भोपाल संभाग की संभागीय कार्यशाला का शुभारम्भ कर सहभागिता की।

## अस्पतालों के नियमित निरीक्षण में नोबल अस्पताल की हुई जांच

भोपाल (आरएनएस.) ।मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय भोपाल द्वारा सभी निजी स्वास्थ्य संस्थाओं का समय समय पर निरीक्षण करवाया जा रहा है। इसी कड़ी में मिसरोद स्थित नोबल मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल का निरीक्षण किया गया। अस्पताल में मध्यप्रदेश उपचर्यागृह तथा रूजोपचार संबंधी स्थापनाएं (रजिस्ट्रीकरण एवं अनुज्ञापन) अधिनियम 1973 एवं अधिनियम 1997 (यथा संशोधित ) 2021 के तहत रिकॉर्ड, मानव संसाधन, मरीजों को दी जा रही सेवाओं की जांच की गई। औषधि एवं सौंदर्य प्रसाधन अधिनियम 1940,1945, औषधि और प्रसाधन सामग्री नियम, 2006, खाद्य और सुरक्षा मानक अधिनियम 2011 के तहत दवाओं और मरीजों एवं परिजनों को दिए जा रहे भोजन की गुणवत्ता को परखा गया।शुक्रवार को चिकित्सकों, प्रशासनिक अधिकारियों, औषधि निरीक्षक, फूड इंस्पेक्टर के संयुक्त दल द्वारा अस्पताल की विभिन्न सेवाओं के साथ साथ अस्पताल के मेडिकल स्टोर, कैंटीन, स्टोर की जांच की गई। निरीक्षण में एन ए बी एच रजिस्ट्रेशन, अस्पताल रजिस्ट्रेशन, फायर सेफ्टी से बचाव के उपाय, पानी की गुणवत्ता, मरीजों की सुरक्षा, बायो मेडिकल वेस्ट, आयुष्मान पैकेज, स्पेशलिस्ट डॉक्टर, नर्सिंग ऑफिसर, पैरामेडिकल स्टाफ की उपस्थिति, पीसीपीएनडीटी रजिस्ट्रेशन इत्यादि को देखा गया।

# दीपावली और छठ पूजा पर भोपाल मंडल के स्टेशनों पर बेहतर टिकटिंग व्यवस्था का प्रबंध

**भोपाल, इटारसी, बीना सहित प्रमुख स्टेशनों पर कुल 60 से अधिक टिकट जांच कर्मचारी दल तैनात**





भोपाल (निप्र)। मंडल रेल प्रबंधक पंकज त्यागी के मार्गदर्शन एवं वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ कटारिया के नेतृत्व में दीपावली और छठ पूजा के दौरान रेलवे स्टेशनों तथा ट्रेनों में यात्रियों की अत्यधिक भीड़ को देखते हुए मंडल के कुल 88 रेलवे स्टेशनों पर यात्रियों के लिए आरक्षित/अनारक्षित बेहतर टिकटिंग व्यवस्था का प्रबंध किया गया है तथा भीड़भाड़ प्रबंधन के लिए टिकट चेकिंग स्टाफ को भी डिप्लॉय किया गया है । मंडल में कुल 57 अनारक्षित टिकट विंडों, 21 अनारक्षित-कम-आरक्षित टिकट विंडों, 25 जन साधारण टिकट बुकिंग सेवा केंद्र, 47 आटोमेटिक टिकट वेंडिंग मशीन एवं 20 आरक्षित टिकट विंडों से यात्रियों को टिकट प्रदान किया जा रहा है तथा 60 टिकट चेकिंग स्टाफ विभिन्न स्टेशनों पर तैनात किये गए है । सीनियर डीसीएम सौरभ कटारिया ने बताया कि आगामी दीपावली और छठ पूजा के दौरान टिकटिंग व्यवस्था बेहतर बनाकर यात्रियों को सहज एवं त्वरित सेवा उपलब्ध कराने के लिए यथासंभव प्रयास किया जा रहा है साथ ही यात्रियों को ट्रेनों के आगमन, प्रस्थान और प्लेटफार्म संबंधी जानकारी समय-समय पर उद्घोषणा प्रणाली के माध्यम से दी जा रही है एवं गाड़ियों में आवश्यक विद्युत आपूर्ति, पानी और साफ-सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए संबंधित विभागों को निर्देशित किया गया है ताकि यात्रियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। रेल प्रशासन यात्रियों की सुविधा के लिए सदैव तत्पर है ।

# विद्युत कंपनियों के पेंशनर्स को दीवाली का तोहफा

**पेंशनर्स के महंगाई राहत में वृद्धि के आदेश जारी**

भोपाल(ए)। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर के निर्देश पर मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एम.पी. ट्रांसको) ने प्रदेश की विद्युत कंपनियों के पेंशनर्स एवं पारिवारिक पेंशनधारकों को दीवाली का तोहफा देते हुये पुनरीक्षित महंगाई राहत (डीआर) के आदेश जारी किए हैं। अब पेंशनर्स को 6वें वेतनमान में 6 प्रतिशत तथा 7वें वेतनमान के अनुसार 2 प्रतिशत की वृद्धि का लाभ प्राप्त होगा। एम.पी. ट्रांसको के मुख्य अभियंता धीरेन्द्र सिंह ने बताया कि यह आदेश मध्यप्रदेश शासन के 15 अक्टूबर के ज्ञाप अनुसार जारी किया गया है। मंहगाई भत्ता सितम्बर 2025 भुगतान अक्टूबर 2025 से प्रभावी होगा। इस महंगाई राहत वृद्धि से प्रदेश के 58542 विद्युत पेंशनर्स एवं पारिवारिक पेंशनधारको को लाभ मिलेगा, तथा कंपनी पर प्रतिमाह लगभग 3 करोड़ 12 लाख रुपये का अतिरिक्त व्यय आयेगा।

## भाजपा की डबल इंजन सरकार बनी डबल मुसीबत, केंद्र से प्रदेश को एक पैसा नहीं मिल रहाः कमलनाथ



भोपाल, (आएनएस)। मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और वरिष्ठ कांग्रेस नेता कमलनाथ ने बीजेपी बड़ा हमला बोला है। उन्होंने कहा है कि प्रदेश में चल रही भाजपा की डबल इंजन सरकार प्रदेश के लिए डबल मुसीबत सरकार बन गई है। जनहित की जिन योजनाओं का भाजपा सरकार बड़े पैमाने पर ढोल पीटती रहती है और इनके प्रचार पर करोड़ों रुपये ख़र्च करती है, सच्चाई यह है कि इन योजनाओं के लिए केंद्र सरकार से मध्य प्रदेश सरकार को एक पैसा नहीं मिल रहा है। कमलनाथ ने शुक्रवार को अखबार में छपी एक खबर के हवाले से सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट कर लिखा प्रदेश सरकार को विभिन्न योजनाओं के लिए केंद्र सरकार से राशि प्राप्त होनी थी लेकिन इसमें से अधिकांश राशि केंद्र ने राज्य को नहीं भेजी है। जल जीवन मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, ग्रामीण कौशल योजना, ग्रामीण आजीविका मिशन, स्कॉलरशिप योजनाएं, राष्ट्रीय आयुष मिशन जैसी योजनाएं इसमें शामिल हैं। उन्होंने कहा कि यह कल्याणकारी योजनाएँ मध्य प्रदेश की जनता के हित के लिए चलायी जानी थी लेकिन केंद्र सरकार जानबूझकर अन्याय कर रही है और मध्य प्रदेश की भाजपा सरकार चुप्पी साधे हुए है पूर्व सीएम ने कहा कि मैं स्पष्ट करना चाहता हूँ कि मध्य प्रदेश की जनता विभिन्न टैक्स के रूप में जो राशि केंद्र और राज्य सरकार को देती है उसी से यह योजनाएं संचालित होती है।

## जगमग दीपावली के लिए विद्युत कंपनी ने किए विशेष इंतजाम

भोपाल, (ए.)। जगमग दीपावली के लिए मध्यक्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा हर घर, दुकान, प्रतिष्ठान एवं व्यपारिक केन्द्रों को रोशनी के हर संभव प्रयास किए हैं। कंपनी ने अपने कार्यक्षेत्र के कमिश्नरी जिला मुख्यालय, तहसील मुख्यालय, ब्लॉक मुख्यालय और ग्रामीण क्षेत्रों में अस्थाई शिकायत निवारण केन्द्र खोले हैं। भोपाल शहर में शिकायत निवारण के लिए 140 से अधिक टीमें तैनाती है, जिनमें लगभग डेढ़ हजार कार्मिकों की ड्यूटी चौबीसों घंटे शिकायत निवारण और निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए लगाई गई है।

## भोपाल को रैबीज फ्री सिटी बनाने के कारगर प्रयास हों - संभागायुक्त श्री सिंह

**समय - सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक में दिए निर्देश**

भोपाल (आएनएस)। संभागायुक्त संजीव सिंह ने कहा कि भोपाल को रैबीज फ्री सिटी बनाने के लिए कारगर प्रयास शुरू किए जाएं। उन्होंने कहा कि पशुपालन विभाग द्वारा एन्टी रैबीज प्रोग्राम का बेहतर क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। संभागायुक्त श्री सिंह ने यह निर्देश कमिश्नर कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक में दिए। बैठक में संयुक्त आयुक्त (विकास) डॉ. विनोद यादव, उपायुक्त (राजस्व) श्रीमती किरण गुप्ता सहित संभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। संभागायुक्त श्री सिंह ने लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग में संचालित सुमन हेल्प डेस्क की समीक्षा करते हुए गर्भवती महिला एवं शिशुओं की मृत्यु को कम करने के निर्देश दिए। उन्होंने गैर संचारी रोगों की जांच की भी समीक्षा की। संभागायुक्त श्री सिंह ने स्कूलों में चल रहे नेत्र परीक्षण एवं चश्मा वितरण की जानकारी ली। संभागायुक्त श्री सिंह ने कहा कि संभाग में साफ- सफाई के कार्यों पर विशेष ध्यान दिया जाए। सड़कों, गलियों, नालियों, सीवेज आदि की साफ-सफाई से संबंधित शिकायतों का तत्काल निराकरण करें। उन्होंने कहा कि सीएम हेल्पलाइन के अंतर्गत 100 दिवस से अधिक समय से लंबित शिकायतों का निराकरण तेजी से करें।

## अखिल भारतीय बाघ गणना-2026 की हुई राज्य स्तरीय कार्यशाला

भोपाल (निप्र)। सतपुड़ा टाइगर रिजर्व नर्मदापुरम में 15-16 अक्टूबर को अखिल भारतीय बाघ गणना-2026 की राज्य स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में वन अधिकारियों को प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से आये मास्टर ट्रेनर वन रक्षकों द्वारा प्रभावी तरीके से टाइगर एस्टीमेशन की वैज्ञानिक कार्य-प्रणालियों, M-STrIPES ऐप आधारित डिजिटल मॉनीटरिंग, कैमरा ट्रेपिंग, ऑक्यूपेंसी सर्वे और फील्ड अभ्यास पर प्रशिक्षण दिया गया। कार्यशाला में तकनीकी पद्धति और अनुभव को साझा कर अखिल भारतीय बाघ गणना-2026 की तैयारियों की समीक्षा की गयी।

# भोपाल में भीषण सड़क हादसा, तेज रफ्तार कार पलटी, 11वीं के छात्र की मौत, 5 घायल




भोपाल (ए)। मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में शुक्रवार सुबह एक भीषण सड़क हादसा हो गया। थाना कोलार क्षेत्र के चिचली बैरागढ़ के पास तेज रफ्तार से आ रही एक कार अनियंत्रित हो गई और तीन बार पलटी खाने के बाद डिवाइडर को तोड़ते हुए सड़क के दूसरी ओर पहुंच गई। इस हादसे में कार सवार 11वीं कक्षा के छात्र की मौत हो गई, जबकि उसके 5 दोस्त घायल हैं। इनमें एक की हालत नाजुक बताई जा रही है। दूसरी कार में सवार एक बुजुर्ग भी घायल हुआ है। सभी घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी अनुसार घटना शुक्रवार सुबह करीब 7:30 बजे की है। एएसआई सुनील त्रिपाठी के मुताबिक, मृतक आदित्यवीर चौधरी उर्फ आदि (16) दानिश कुंज कोलार का रहने वाला था। आदि एक प्राइवेट स्कूल से 11वीं कक्षा की पढ़ाई कर रहा था। इसी के साथ प्रति दिन सुबह 4 बजे से 6 बजे तक बैडमिंटन खेलने जाया करता था। शुक्रवार सुबह बैडमिंटन खेलने के बाद आदि अपने दोस्त निर्माण जाट, अबदुल्ला, श्रीयांश, युवराज और विश्वरोद के साथ कार क्रमांक एमपी 02 सीआर 8070 होंडा सिटी में सवार होकर चाय नाश्ता करने गया था। लौटते समय डीमार्ट के करीब कार हादसे का शिकार हो गई। स्थानीय लोगों के अनुसार, कार चालक की लापरवाही और तेज गति के कारण यह दुर्घटना हुई। हादसे के बाद युवक कार के अंदर बुरी तरह फंस गया, जिसे गेट काटकर बाहर निकालना पड़ा। हादसा कैसे हुआ, इसका अभी पता नहीं चल सका है, लेकिन कुछ चश्मदीदों ने बताया कि अचानक कुत्ता सामने आने के बाद उसे बचाने के प्रयास में हादसा हुआ है।



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बिहार प्रवास के दौरान गया जी में विष्णुपद मंदिर में दर्शन और पूजन अर्चन किया।

# पीएचक्यू में लाखो की हेराफेरी करने वाले आरोपी पुलिसकर्मी फरार

**- कायमी के एक दिन पहले तक लगाई हाजिरी**



भोपाल(ए)। मध्य प्रदेश पुलिस मुख्यालय में मेडिकल शाखा के अधिकारियों ने फर्जी बिल बनाकर 15 लाख रुपए हड़पने के मामले में आवेदन देने वाले पीटीआरआई शाखा के कर्मचारियों के बयान दर्ज किए गए हैं। जानकारी के मुताबिक इन बयानों में खुलासा हुआ है की फर्जीवाड़े को किस तरह से अंजाम दिया गया है। वहीं आरोपियों में प्रभारी एएसआई, हर्ष वानखेड़े, कैशियर, सूबेदार नीरज कुमार और सहायक स्टाफ हेड कॉन्स्टेबल राजपाल ठाकुर शामिल हैं। मामला दर्ज होने की भनक लगते ही तीनों फरार हो गए हैं। हैरानी वाली बात ये है, कि एफआईआर दर्ज होने से एक दिन पहले तक कार्मिक शाखा में नीरज और हर्ष ने हाजिरी लगाई है। जबकि राजपाल मंगलवार को मेडिकल लीव पर चला गया था। वहीं जांच के दौरान पीएचक्यू के अधिकारी को प्रेस प्रशिक्षण शाखा पुलिस मुख्यालय के आरक्षक संतोष कुमार ने बताया कि आरोपियों ने 20 प्रकरणो में 4 अगस्त 2023 से 14 अगस्त 23 के बीच 5 लाख 7 हजार रुपए का भुगतान किया। 24 देयकों से 31 मार्च 24 में 4.78 लाख रुपए भुगतान किया गया। घोटाला पीटीआरआई (पुलिस ट्रेनिंग एंड रिसर्च इंस्टीट्यूट) के 25 कर्मचारियों के नाम पर अंजाम दिया गया। आरोपियों में शामिल नीरज कुमार, रकम ट्रांसफर होने के बाद पीटीआरआई कर्मचारियों को फोन कर बताता था कि मेडिकल शाखा की गलती से ये राशि आपके बैंक खाते में पहुंच गई है। ये झांसा देकर आरोपी अपने खातों में रकम ट्रांसफर करा लेते थे। इसे लौटाने के लिए आरोपी अपने पर्सनल अकाउंट नंबर और यूपीआई दिया करता था।

# ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने डेढ़ करोड से अधिक लागत के विकास कार्यों का किया भूमि पूजन

## कहा ग्वालियर का सर्वांगीर्ण विकास हमारा लक्ष्य है



ग्वालियर ( ए)। ग्वालियर का सर्वांगीण विकास सरकार का लक्ष्य है। इसी के तहत उपनगर ग्वालियर के हर गली, हर मोहल्ले तक सशक्त आधारभूत सुविधाएँ पहुँचाई जा रही है। इस आशय के विचार ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने उपनगर ग्वालियर के वार्ड 31 में डेढ़ करोड़ रूपये से अधिक के विकास कार्यों के भूमि पूजन के अवसर पर व्यक्त किए।

ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने वार्ड क्रमांक 31 के आर.पी. कॉलोनी, रेलवे कॉलोनी एवं अशोक बिहार कॉलोनी एवं रेलवे कॉलोनी की विभिन्न गलियों में 1 करोड 26 लाख रूपये की लागत से डामरीकरण कार्य एवं न्यू साकेत नगर की विभिन्न गलियों में 23.78 लाख की लागत से सी.सी. रोड निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया। यह सड़कें बनने से क्षेत्रवासियों को आवागमन में बेहतर सड़क सुविधा मिलेगी। भूमि पूजन के अवसर पर ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने कहा कि ग्वालियर में शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में अतुलनीय कार्य हुए हैं। शिक्षा के क्षेत्र में सरकारी स्कूलों का उन्नयन होने से आज प्राइवेट विद्यालय के विद्यार्थी सरकारी स्कूलों में प्रवेश ले रहे हैं। सिविल अस्पताल ने तो प्रदेश में अपना अलग स्थान बनाया है। इसी प्रकार 100 बिस्तरीय बिरला नगर प्रसूति ग्रह बन गया हैं। जहां बेहतर उपचार दिया जा रहा है। उन्होंने दुर्गापुरी क्षेत्र का भ्रमण कर आमजन से संवाद कर संबंधित अधिकारियों को साफ सफाई के साथ ही सीवर एवं नालियों की सफाई के निर्देशित किया।

## कोविड में माता-पिता को गवां चुके बच्चों को कलेक्टर श्रीमती चौहान ने भेंट किए उपहार

ग्वालियर =( ए) ।कोविड काल में जिले के 10 बच्चों ने अपने माता-पिता का सहारा सदैव के लिये खोया है क्रूर कोविड से अपने माता-पिता को सदैव के लिये गवां चुके ग्वालियर जिले के 10 बच्चों को भी सरकार का सहारा मिला है। दीपावली के पावन अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशा के अनुरूप शुक्रवार को कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने इन सभी बच्चों को कलेक्ट्रेट बुलाया और आत्मीयता के साथ प्यार-दुलार कर प्रोत्साहित किया। साथ ही सभी बच्चों को दीपावली का उपहार (गिफ्ट हैंपर) भेंट किए और लड्डू खिलाकर उनका मुँह मीठा कराया। इस गिफ्ट हैंपर में मिठाई, फुलझड़ी व अन्य प्रकार की आतिशबाजी एवं प्रेरणादायी पुस्तकें शामिल थीं। गिफ्ट हैंपर आकर बच्चों की खुशी देखते ही बनी।

## हवाला लूट और अपहरण कांड में बड़ी कार्रवाई, 11 आरोपित पुलिसकर्मी जेल भेजे गए

सिवनी, ( ए)। सिवनी जिले के बहुचर्चित हवाला लूट, डकैती और अपहरण कांड के सभी 11 आरोपितों की जमानत याचिका जिला सत्र न्यायालय ने शक्रवार को खारिज कर दी। अदालत के आदेश के बाद सभी आरोपियों को जेल भेज दिया गया है।जानकारी के अनुसार,15 अक्टूबर से 17 अक्टूबर तक आरोपी रिमांड पर थे। प्रकरण में आरोप है कि लगभग तीन करोड़ रुपये की हवाला राशि को लूटने की साजिश रची गई थी। इस मामले में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के सख्त निर्देशों के बाद मध्य प्रदेश के डीजीपी कैलाश मकवाना ने तत्काल कार्रवाई करते हुए सीएसपी सहित 11 पुलिस कर्मियों पर एफआईआर दर्ज करने के आदेश दिए थे।एफआईआर में आरोपियों पर डकैती, अवैध रूप से रोकना, अपहरण और आपराधिक षड्यंत्र की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया था।

# चिकित्सक समय का पालन और मरीजों से करें संवेदनशील व्यवहार : उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल

### अस्पतालों में स्वच्छता और दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश ,जिला चिकित्सालय सीधी का किया निरीक्षण



सीधी (ए)। उप मुख्यमंत्री श्री राजेंद्र शुक्ल ने जिला चिकित्सालय सीधी का निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं एवं अस्पताल की व्यवस्थाओं का मुआयना किया। उन्होंने चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों से संवाद कर उपचार सेवाओं को और बेहतर बनाने के निर्देश दिए।

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि समाज में चिकित्सकों को भगवान का दर्जा प्राप्त है, इसलिए मरीजों के प्रति उनका व्यवहार भी संवेदनशीलता एवं सेवा भाव से परिपूर्ण होना चाहिए। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी डॉक्टर एवं स्टाफ समय का पालन करते हुए मरीजों को समर्पित भाव से उपचार प्रदान करें। इमरजेंसी कक्ष में निर्धारित ड्यूटी के अनुसार डॉक्टरों एवं पैरामेडिकल स्टाफ की सतत उपस्थिति सुनिश्चित की जाए।उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि सीधी जिला चिकित्सालय में 100 बिस्तरीय एमसीएच विंग प्रारंभ होने से अस्पताल की क्षमता 300 से बढ़कर 400 बिस्तरों तक हो गई है, जिसके लिए पर्याप्त मानव संसाधनों की व्यवस्था की जा रही है। उन्होंने कहा कि 16 करोड़ रुपये की लागत से क्रिटिकल केयर हेल्थ ब्लॉक का निर्माण कार्य तेजी से प्रगति पर है,

# झाबुआ में 40 प्रतिभाशाली बालिकाएँ सम्मानित

## मंत्री भूरिया ने दिलाई बेटियों के संरक्षण की शपथ



झाबुआ( ए)। महिला एवं बाल विकास मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया की अध्यक्षता में झाबुआ स्थित आजीविका भवन में पोषण माह एवं बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना अंतर्गत अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस समारोह का समापन हुआ।मंत्री सुश्री भूरिया ने कहा कि 17 सितंबर 2025 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा धार से पोषण माह का शुभारंभ किया गया था। इस दौरान जिलेभर में पोषण जागरूकता, श्री अन्न (मिलेट्स) के प्रोत्साहन एवं एनीमिया निवारण संबंधी विभिन्न गतिविधियाँ आयोजित की गईं। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में बच्चों में पोषण की कमी एक गंभीर चुनौती है, जिसे संतुलित आहार एवं पारंपरिक खाद्य पदार्थों जैसे मोटे अनाज के माध्यम से दूर किया जा सकता है। बालिकाओं के सशक्तिकरण की बात करते हुए मंत्री सुश्री भूरिया ने कहा कि बेटियों को आत्मनिर्भर बनाने के लिये उन्हें शारीरिक व मानसिक रूप से सक्षम बनाना आवश्यक है। केंद्र व राज्य सरकार द्वारा इस दिशा में कई योजनाएं चलाई जा रही हैं, जिनका लाभ लेकर बालिकाएं देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे सकती हैं।

समारोह में शिक्षा, कला, खेल एवं सामाजिक जागरूकता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली 40 बालिकाओं को सम्मानित किया गया। साथ ही निबंध लेखन, नारा लेखन एवं पोस्टर प्रतियोगिताओं में विजयी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। मंत्री सुश्री भूरिया ने मोटे अनाज से बनी विभिन्न खाद्य सामग्री की प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया एवं बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत बेटियों की सुरक्षा व सम्मान की शपथ दिलाई।

# कटनी में बस-ट्रक की आमने सामने भीषण टक्कर, 12 यात्री घायल, पांच की हालत गंभीर

कटनी( ए)। मध्य प्रदेश में कटनी जिले में कटनी-दमोह रोड पर शुक्रवार सुबह बस और ट्रक के बीच आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। इस हादसे में बस में सवार 12 यात्रियों के घायल हो गए है। घायलों में पांच की हालत गंभीर बताई जा रही है। टक्कर इतनी भीषण थी कि बस का अगला हिस्सा पूरी तरह चकनाचूर हो गया और मौके पर चीख-पुकार का माहौल बन गया। घटना की सूचना मिलते ही रीठी पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और बचाव कार्य शुरू किया। घायलों को इलाज के लिए रीठी और कटनी जिला अस्पताल भेजा गया है।जानकारी के अनुसार घटना रीठी थाना क्षेत्र के ग्राम



जमुनिया मोड़ पर शुक्रवार सुबह करीब साढ़े सात बजे हुई। यहां शुक्रवार सुबह भोपाल से रीवा यात्रियों को लेकर जा रही बस क्रमांक एमपी 04 जेड जेड 8747 जब ग्राम जमुनिया के पास पहुंची, तभी सामने से आ रहे ट्रक एचआर 73 1587 से उसकी जबरदस्त टक्कर हो गई। इस हादसे में बस में सवार 12 यात्री घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने तुरंत राहत कार्य शुरू किया और घायलों को बस से निकालकर नज़दीकी स्वास्थ्य केंद्र भेजा। पांच यात्रियों की हालत गंभीर बताई जा रही है, जिन्हें जिला अस्पताल रिफर किया गया है। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस भी घटना स्थल पर पहुंची।

# व्यापार समाचार

# ट्रेनों में यात्रियों की कंबल को लेकर शिकायत दूर करने के लिए रेलवे ने शुरु की नई व्यवस्था



नई दिल्ली (ए) ।रेलवे ने कंबलों को लेकर यात्रियों की शिकायतों को दूर करने के लिए बड़ा फैसला किया है। अब ट्रेनों में यात्रियों को कंबल के साथ कवर भी मिलेंगे। फिलहाल इसे पायलट आधार पर शुरू किया गया है। यह जानकारी रेलवे मंत्री अश्विनी वैष्णव की ओर से गुरुवार को दी गई।

मीडिया से बातचीत करते हुए अश्विनी वैष्णव ने कहा कि हमारे रेलवे सिस्टम में कंबल का उपयोग वर्षों से होता आ रहा है, लेकिन हमारे यात्रियों के मन में हमेशा एक संशय रहता था। उस संशय को दूर करने के लिए आज एक नई पहल की गई है, जिसके तहत अब ट्रेनों में कंबल के साथ कवर भी दिया जाएगा। उन्होंने आगे कहा कि फिलहाल इसे पायलट आधार पर शुरू किया गया है, जिसके तहत केवल जयपुर से चलने वाली एक गाड़ी में यात्रियों को कंबल के साथ कवर भी दिए गए हैं। पायलट प्रोजेक्ट के नतीजों के आधार पर ही इस पहल को अन्य ट्रेनों में आगे बढ़ाया जाएगा।

केंद्रीय मंत्री ने आगे कहा कि छोटे-छोटे स्टेशनों पर भी सुविधाएं बढ़ी हैं। प्लेटफार्म की हाइट, उसकी लेंथ, प्लेटफार्म पर कवर आदि को लेकर काम किया गया है। पैसेंजर्स की इन्फॉर्मेशन के लिए साइन बोर्ड लग रहे हैं। राजस्थान के करीब 65 स्टेशनों पर यह सब चीजें लगी हैं। इसके अतिरिक्त, नई वंदे भारत स्लीपर में अपर बर्थ काफी आरामदायक होगा और सभी आयु वर्ग के लोग आसानी से इस तक पहुंच पाएंगे।

समाचार एजेंसी आईएएनएस से बातचीत करते हुए काइनेट में वंदे भारत प्रोजेक्ट के निदेशक निशुंक गर्ग ने बताया कि आमतौर यात्रियों के मन में धारणा होती है कि अपर बर्थ आरामदायक नहीं होता है और इस तक पहुंचने में काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। इसी चीज को ध्यान में रखते हुए, हमने नई वंदे भारत स्लीपर को डिजाइन किया है।

उन्होंने आगे बताया कि इसमें अपर बर्थ तक पहुंचने वाली सीढ़ी को इस तरीके से डिजाइन किया गया है कि सभी आयु वर्ग के लोगों के लिए यह आरामदायक हो।

## दिवाली पर PNB ने दी बड़ी राहत, लेकिन साथ ही लागू कर दी यह शर्तज्जानना है बेहद जरूरी

नई दिल्ली (ए) ।अगर आप पंजाब नेशनल बैंक के ग्राहक हैं और बैंक लॉकर का इस्तेमाल करते हैं, तो यह खबर आपके लिए बेहद जरूरी है। दिवाली से ठीक पहले, PNB ने अपने ग्राहकों को बड़ी राहत देते हुए लॉकर के किराए में भारी कटौती का ऐलान किया है। बैंक द्वारा जारी नोटिस के अनुसार, नई दरें 16 अक्टूबर,




2025 को घोषित की गई हैं और ये 30 दिनों के बाद लागू हो जाएंगी। इसका मतलब है कि नवंबर के मध्य से ग्राहकों को अपने लॉकर के लिए पहले से कम किराया देना होगा।ने यह सुनिश्चित किया है कि इस कटौती का लाभ हर वर्ग के ग्राहकों तक पहुंचे, इसलिए किराए में यह कमी ग्रामीण, अर्ध-शहरी (सेमी-अर्बन) और शहरी सभी क्षेत्रों में लागू की गई है। नई दरों के तहत, ग्रामीण क्षेत्रों में छोटे लॉकर का किराया 1000 से घटाकर 750 और मीडियम लॉकर का किराया 2500 से घटाकर 1900 कर दिया गया है। इसी तरह, अर्ध-शहरी क्षेत्रों में छोटे लॉकर का किराया अब 1500 की बजाय 1150 और मीडियम लॉकर का किराया ?3000 की जगह 2250 होगा। शहरी और मेट्रो शहरों के ग्राहकों को भी बड़ी राहत देते हुए, छोटे लॉकर का किराया 2000 से घटाकर ?1500, जबकि मीडियम लॉकर का किराया 4000 से घटाकर3000 कर दिया गया है।बैंक ने ग्राहकों की सुविधा के लिए एक और बड़ा बदलाव किया है। अब ग्राहकों को एक वित्तीय वर्ष में 12 बार लॉकर खोलने की सुविधा बिल्कुल मुफ्त दी जाएगी। यदि कोई ग्राहक साल में 12 से ज्यादा बार लॉकर का उपयोग करता है, तो उसे हर अतिरिक्त विजिट पर ?100 का शुल्क देना होगा। नए लॉकर जारी करते समय ग्राहकों से इस शर्त पर लिखित सहमति भी ली जाएगीĐPNB ने यह भी स्पष्ट किया है कि कुछ विशेष परिस्थितियों में बैंक को लॉकर तोड़ने का अधिकार होगा। यह कार्रवाई तब की जा सकती है जब ग्राहक की चाबी खो जाए और वह खुद लॉकर खुलवाने का अनुरोध करे। इसके अलावा, किसी सरकारी या प्रवर्तन एजेंसी द्वारा अदालत के आदेश पर भी लॉकर को खोला जा सकता है।

## महंगाई दर में कमी स्वागतयोग्य कदम, अर्थव्यवस्था को मिला बढ़ावा : मनोरंजन शर्मा

नई दिल्ली (ए) ।वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय द्वारा मंगलवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, भारत की थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) पर आधारित महंगाई दर सितंबर 2025 में 0.13 प्रतिशत दर्ज की गई, जो पिछले महीने अगस्त में 0.52 प्रतिशत थी।

अर्थशास्त्री डॉ. मनोरंजन शर्मा ने इस स्थिति को स्वागतयोग्य बताया। उन्होंने कहा कि यह कमी अर्थव्यवस्था के लिए सकारात्मक संकेत है, क्योंकि इससे उपभोक्ताओं की क्रय शक्ति में वृद्धि हुई है। इसके साथ ही खुदरा मुद्रास्फीति भी 1.5 प्रतिशत के निचले स्तर पर पहुंच गई, जो पिछले आठ वर्षों में सबसे कम है। अगस्त में यह 2.7 प्रतिशत थी, और अब यह भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के 2-6 प्रतिशत के लक्ष्य से भी नीचे है।

उन्होंने कहा, खुदरा और थोक मुद्रास्फीति में कमी से आम आदमी की जेब में ज्यादा पैसा बचा है, जिसे तकनीकी रूप से डिस्पोजेबल इनकम कहते हैं। इससे उपभोग को बढ़ावा मिला है। जीएसटी संग्रह में भी 1.89 लाख करोड़ रुपए की वृद्धि देखी गई, जो अर्थव्यवस्था के लिए एक मजबूत प्रोत्साहन है।

उन्होंने आगे कहा कि इस साल के अंत तक मुद्रास्फीति 3 प्रतिशत के आसपास रहने की संभावना है, जबकि जीडीपी वृद्धि 6 प्रतिशत के करीब रहेगी। इस सकारात्मक आर्थिक माहौल का असर आगामी त्योहारी सीजन पर भी दिखेगा।

डॉ. शर्मा ने कहा, इस बार दीपावली पर लोग ज्यादा खरीदारी करेंगे। कम मुद्रास्फीति और बढ़ी हुई क्रय शक्ति के कारण उपभोक्ता उत्साह के साथ खर्च करेंगे। इससे दुकानदारों और व्यापारियों को भी लाभ होगा।

उन्होंने इसे 'वर्चुअस साइकिल' करार देते हुए कहा कि यह स्थिति पहले के 'सर्कल ऑफ पावर्टी' से एक बड़ा बदलाव है। बढ़ा हुआ उपभोग व्यापारियों की बिक्री और कमीशन को बढ़ाएगा, जिससे अर्थव्यवस्था में और गति आएगी। वैश्विक स्तर पर भी भारत की स्थिति मजबूत दिख रही है। वैश्विक विकास दर 5-6.3 प्रतिशत के बीच रहने की उम्मीद है और भारत का बैंकिंग व वित्तीय क्षेत्र शानदार प्रदर्शन कर रहा है।

### गूगल भारत में करेगा बड़ा निवेश, इस राज्य में 88,705 करोड़ रुपये से बनेगा डेटा सेंटर

नई दिल्ली(ए) ।गूगल भारत में अब तक का अपना सबसे बड़ा निवेश करने जा रहा है। कंपनी आंध्र प्रदेश राज्य में 10 अरब अमेरिकी डॉलर यानी करीब 88,705 करोड़ रुपये का इनवेस्टमेंट करेगी। इस राशि से गूगल देश में एक अत्याधुनिक एआई डेटा सेंटर कैंपस स्थापित करेगा, जिसमें बड़े पैमाने पर डेटा स्टोर और प्रोसेस किया जाएगा। यह जानकारी एक मीडिया रिपोर्ट में सामने आई है।आंध्र प्रदेश के मंत्री ने बताया कि अल्फाबेट इंक के तहत काम करने वाली गूगल कंपनी 1 गीगावाट क्षमता वाले डेटा सेंटर का निर्माण करेगी। इस परियोजना को लेकर राज्य सरकार और गूगल के बीच मंगलवार को समझौता होने की उम्मीद है।

## रुपया गिरावट पर बंद


मुंबई (ए)। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले भारतीय रुपया शुक्रवार को छह पैसे की गिरावट के साथ ही 88.2 पर बंद हुआ। रुपया आज सुबह 21 पैसे चढ़कर 87.75 प्रति डॉलर पर पहुंच गया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि विदेशी पूंजी प्रवाह में वृद्धि तथा कच्चे तेल की



कम कीमतों से निवेशकों की धारणा को और बल मिला। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 87.91 प्रति डॉलर पर खुला। फिर बढ़त के साथ 87.75 प्रति डॉलर के शुरुआती उच्च स्तर को छू गया, जो पिछले बंद भाव से 21 पैसे की बढ़त दर्शाता है। रुपया गुरुवार को 12 पैसे चढ़कर 87.96 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.16 प्रतिशत की गिरावट के साथ 98.17 पर आ गया।

# धनतेरस से पहले सोना 1.30 के लाख पार, चांदी भी नई ऊंचाई पर

नई दिल्ली(ए) । । सोने-चांदी के वायदा कारोबार में लगातार तेजी देखने को मिल रही है। घरेलू बाजार में लगातार पांचवें दिन शुक्रवार को सोने के वायदा भाव ऑल टाइम हाई पर पहुंच गए। चांदी ने भी सर्वोच्च स्तर छू लिया। इस समय घरेलू बाजार में सोने के वायदा भाव 1,31,600 रुपये, जबकि चांदी के भाव 1,69,000 रुपये के करीब कारोबार कर रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने-चांदी के वायदा भाव रिकॉर्ड तेजी पर कारोबार कर रहे हैं। सोने के वायदा भाव की शुरुआत शुक्रवार को तेजी के साथ हुई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का बेंचमार्क दिसंबर कॉन्ट्रेक्ट 1,174 रुपये की तेजी के साथ 1,31,026 रुपये के भाव पर खुला। पिछला बंद भाव 1,29,852 रुपये था। इस समय यह कॉन्ट्रेक्ट 1,778 रुपये की तेजी के साथ 1,31,630 रुपये के भाव पर कारोबार



कर रहा था। इस समय इसने 1,31,699 रुपये के भाव पर दिन का उच्च और 1,31,026 रुपये के भाव पर दिन का निचला स्तर छू लिया। सोने के वायदा भाव ने आज 1,31,699 रुपये के भाव पर सर्वोच्च स्तर छू लिया। चांदी के वायदा भाव की शुरुआत तेज रही। एमसीएक्स पर चांदी का बेंचमार्क दिसंबर कॉन्ट्रेक्ट 437 रुपये की तेजी के साथ 1,68,100 रुपये पर खुला। पिछला बंद भाव 1,67,663 रुपये था। इस समय यह 1,434 रुपये की तेजी के साथ 1,69,097 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। इस समय इसने 1,69,200 रुपये के भाव पर दिन का उच्च और 1,67,006 रुपये के भाव पर दिन का निचला स्तर छू लिया। चांदी के वायदा भाव ने 1,69,200 रुपये किलो के भाव पर सर्वोच्च स्तर छू लिया। अंतरराष्ट्रीय बाजार में शुक्रवार को सोने-चांदी के वायदा कारोबार की शुरुआत तेज रही और दोनों के भाव ऑल टाइम पर पहुंच गए। कॉमेक्स पर सोना 4,348.10 डॉलर प्रति औंस के भाव पर खुला। पिछला बंद भाव 4,304.60 डॉलर प्रति औंस था। इस समय यह 52.60 डॉलर की तेजी के साथ 4,357.20 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था। सोने के भाव ने 4,392 डॉलर के भाव पर सर्वोच्च स्तर छू लिया। कॉमेक्स पर चांदी के वायदा भाव 53.42 डॉलर के भाव पर खुले।

# सम्पादकीय

अभिव्यक्ति हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है,
सत्य प्रस्तुत करना हमारा कर्तव्य

## गूगल का महा-निवेश

अमेरिका ने पेट्रोडॉलर समृद्ध पश्चिम एशियाई देशों के ऊर्जा एवं वित्त तथा भारत के टेक प्रशिक्षित मानव संसाधन को अपने एआई बौद्धिक संपदा से जोड़ कर इस नई तकनीक में खुद को अग्रणी बनाए रखने की बड़ी योजना बनाई है। गूगल भारत में आर्टिफिशिलय इंटेलिजेंस हब की स्थापना के लिए 15 बिलियन डॉलर का निवेश करेगी। इसके तहत विशाखापत्तनम में एक गिगावाट का डेटा सेंटर बनाया जाएगा। यह अमेरिका से बाहर एआई डेटा सेंटर बनाने की गूगल की योजना का हिस्सा है। इसके पहले माइक्रोसॉफ्ट और अमेजन भी भारत में डेटा सेंटर बनाने का एलान कर चुकी हैं, हालांकि उनके प्रस्तावित निवेश का स्तर गूगल से काफी कम है। अमेरिका की बड़ी टेक कंपनियों में फिलहाल एआई में निवेश की होड़ लगी हुई है। राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने खाड़ी देशों की अपनी पिछली यात्रा के दौरान अमेरिकी एआई परियोजना में पेट्रोडॉलर समृद्ध पश्चिम एशियाई देशों के ऊर्जा एवं वित्त तथा भारत के टेक प्रशिक्षित मानव संसाधन को अमेरिकी एआई बौद्धिक संपदा से जोड़ कर इस नई तकनीक में अपने देश को अग्रणी बनाए रखने की योजना घोषित की थी।इसके लिए विशाल पैमाने पर डेटा की जरूरत टेक कंपनियों को है। डेटा सेंटर की स्थापना ना सिर्फ महंगा कार्य है, बल्कि इसके लिए अत्यधिक ऊर्जा एवं उपकरणों को शीतलता देने के लिए शुद्ध जल की जरूरत होती है। इसका पर्यावरण पर खराब असर पड़ता है। तो अमेरिका ने अपने प्रभाव क्षेत्र वाले देशों की ऊर्जा उत्पादन क्षमता, जल उपलब्धता, वित्त एवं मानव संसाधन को अपनी परियोजना से जोड़ने का निर्णय लिया है। गौरतलब है कि विशाखापत्तनम में बनने वाले हब में अडानी ग्रुप और भारतीय एयरटेल का भी पैसा लगेगा। बेशक, इतने बड़े निवेश से भारत में विदेश मुद्रा आएगी। साथ ही रोजगार के अवसर पैदा होंगे।ये भारत के लिए फायदेमंद बातें हैं। मगर यह भी अवश्य ध्यान में रखना चाहिए कि ऐसी परियोजनाओं के साथ भारत लगातार अधिक मजबूती से अमेरिकी हाई टेक प्रतिमानों से जुड़ता जा रहा है। इससे भारत के अपनी जरूरतों के मुताबिक अपने प्रतिमान विकसित करने की संभावना सिकुड़ रही है। चूंकि अमेरिकी एआई उद्योग सेवा क्षेत्र पर केंद्रित है, तो भारत की मैनुफैक्चरिंग एवं सामाजिक जरूरतों के मुताबिक एआई तकनीक विकसित करने की संभावना ऐसे प्रतिमानों से नहीं बनेगी। उलटे सेवा क्षेत्र में एआई का उपयोग बढ़ेगा, जिससे वहां की मौजूद नौकरियों पर तलवार और ज्यादा लटकेगी।



(रायपुर) मुख्यमंत्री विष्णु देव साय बस्तर में 210 माओवादी कैडरों के आत्मसमर्पण कार्यक्रम में शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने कहा कि जो युवा कभी माओवाद के झूठे विचारधारा के जाल में फंसे थे, उन्होंने आज संविधान, लोकतंत्र और विकास की मुख्यधारा में लौटने का संकल्प लिया है।

# धनतेरस- समृद्धि, स्वास्थ्य, आस्था और वैश्विक सांस्कृतिक एकता का प्रतीक पर्व

– किशन सनमुखदास भावनानीं

वैश्विक स्तरपर भारत की संस्कृति में दीपावली केवल एक दिन का उत्सव नहीं,बल्कि पाँच दिवसीय आध्यात्मिक, सामाजिक और सांस्कृतिक यात्रा है। इस यात्रा की शुरुआत जिस दिन से होती है,वह दिन है धनतेरस,समृद्धि, आरोग्य और शुभारंभ का पर्व। वर्ष 2025 में धनतेरस 18 अक्टूबर, शनिवार को मनाया जा रहा है। यह दिन न केवल भारत में बल्कि विश्वभर में बसे करोड़ों भारतीयों के लिए दिवाली की शुरुआत का प्रतीक है। आधुनिक युग में धनतेरस ने अपने धार्मिक स्वरूप से आगे बढ़कर वैश्विक आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक आयामों को भी अपने साथ जोड़ा है। मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया महाराष्ट्र यह मानता हूं कि धनतेरस का उद्भव वैदिक परंपरा से जुड़ा हुआ है। पुराणों में उल्लेख है कि समुद्र मंथन के समय, देवताओं और असुरों के बीच जब अमृत कलश प्राप्त हुआ,उसी समय धन्वंतरि भगवान,जो आयुर्वेद के देवता माने जाते हैं,अमृत कलश लेकर प्रकट हुए थे।यही दिन त्रयोदशी तिथि का था, जो कार्तिक कृष्ण पक्ष की होती है। इसी कारण इसे धन्वंतरि त्रयोदशी कहा गया,जो आगे चलकर"धनतेरस"के नाम से प्रसिद्ध हुआ।धन्वंतरि देव का आगमन जीवन में स्वास्थ्य, दीर्घायु और संतुलन का प्रतीक है। भारत में प्राचीन काल से ही स्वास्थ्य को धन के समान माना गया है "आरोग्यं परमं भाग्यं, स्वास्थ्यं सर्वार्थसाधनम।" अर्थात् आरोग्य ही सबसे बड़ा धन है। इसीलिए धनतेरस पर लोग न केवल सोना-चांदी या बर्तन खरीदते हैं,बल्कि आरोग्य, स्वच्छता और संतुलित जीवन के संकल्प भी लेते हैं।

साथियों बात अगर हम धनतेरस: शुभ क्रय और आर्थिकप्रतीकवाद को समझने की करें तो, भारत में धनतेरस के दिन सोना, चांदी, बर्तन, इलेक्ट्रॉनिक वस्तुएँ, वाहन और गहने खरीदने की परंपरा है। इसे शुभ मुहूर्त का प्रतीक माना जाता है। यह दिन वर्ष का वह क्षण होता है जब अर्थव्यवस्था में उपभोक्ता भावनाओं का चरमोत्कर्ष देखा जाता है। 2025 के लिए अनुमान है कि भारतीय बाजार में धनतेरस पर लगभग 65,000 करोड़ रूपए से अधिक का कारोबार होगा,जिसमें आभूषण उद्योग,वाहन,मोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण,गृह सज्जा और स्टील-बर्तन उद्योग अग्रणी होंगे।इस दिन का आर्थिक महत्व केवल भारत तक सीमित नहीं है। दुबई, लंदन, न्यूयॉर्क, सिंगापुर, मेलबर्न, टोरंटो और नैरोबी जैसे महानगरों में बसे प्रवासी भारतीय समुदाय भी इस दिन 'धनतेरस शॉपिंग फेस्टिवल'आयोजित करते हैं। यह दर्शाता है कि भारतीय परंपरा अब एक वैश्विक ब्रांड पहचान में परिवर्तित हो चुकी है।

साथियों बात अगर हम आयुर्वेद और स्वास्थ्य का दिवस: धन्वंतरि पूजा का गूढ़ अर्थ, पर्यावरणीय दृष्टिकोण व सामाजिक एकजुट को समझने



की करें तो धनतेरस केवल धन-संपदा का नहीं,बल्कि स्वास्थ्य-संपदा का पर्व हैभगवान धन्वंतरि को आयुर्वेद का जनक माना जाता है।इस दिन चिकित्सक,वैद्य,फार्मासिस्ट, योग प्रशिक्षक और स्वास्थ्य संस्थान विशेष पूजन-अर्चन करते हैं।2025 में विश्व स्वास्थ्य संगठन और आयुष मंत्रालय द्वारा संयुक्त रूप से "ग्लोबल आयुर्वेदा वैलनेस डे" के रूप में धनतेरस को मान्यता देने की पहल भी चल रही है। यह एक ऐसी ऐतिहासिक दिशा होगी जिसमें भारतीय चिकित्सा ज्ञान को वैश्विक आयुर्विज्ञान के मानचित्र पर स्थान मिलेगा।धनतेरस और पर्यावरणीय दृष्टिकोण-धनतेरस का एक गहरा संदेश"संपन्नता के साथ स्थिरता"का भी है। वर्तमान समय में जब उपभोक्तावाद चरम पर है, यह पर्व हमें याद दिलाता है कि वास्तविक समृद्धि वही है जो प्रकृति के संतुलन को बनाए रखे।मिट्टी के दीपक जलाना, तांबे- पीतल के बर्तन खरीदना, और स्थानीय उत्पादों को प्राथमिकता देना पर्यावरणीय दृष्टि से भी सार्थक कदम हैं।

वर्ष 2025 में पर्यावरणविदों ने यह आह्वान किया है कि धनतेरस पर इको-फ्रेंडली खरीदारी की जाए,जैसे ऊर्जा-संवर्धन करने वाले उपकरण, सौर लैंप, या स्थायी धातु से बने उत्पाद। यह कदम "ग्रीन धनतेरस" की अवधारणा को आगे बढ़ा रहा है। धनतेरस और सामाजिक एकजुटता-धनतेरस का एक बड़ा पक्ष सामाजिक समरसता और सहानुभूति का है। परंपरागत रूप से इस दिन घर में दीप जलाए जाते हैं ताकि अंधकार, गरीबी और दुख को दूर किया जा सके। आधुनिक संदर्भ में इसका अर्थ है,समाज के वंचित वर्ग तक प्रकाश पहुँचाना।अनेक सामाजिक संगठन और एनजीओ धनतेरस के दिन गरीबों को वस्त्र, बर्तन और मिठाइयाँ वितरित करते हैं। कटनी, वाराणसी, दिल्ली, मुंबई, चेन्नई, दुबई और न्यूयॉर्क जैसे शहरों में प्रवासी भारतीय संगठन इस दिन "शेयर द लाइट मूवमेंट"नामक कार्यक्रम चलाते हैं,जिसमें जरूरतमंद परिवारों के घर रोशनी और मुस्कान पहुँचाई जाती है।

साथियों बात अगर हम विश्व पटल पर धनतेरस का विस्तार को समझने की करें तो, आज धनतेरस केवल भारतीयों का त्योहार नहीं रह गया है। यह एक ग्लोबल सांस्कृतिक इवेंट बन चुका है। लंदन में "दिवाली ऑन द स्क्वायर " नाम से जो आयोजन होता है,वहाँ हर वर्ष लाखों लोग भाग लेते हैं। इस आयोजन की शुरुआत धनतेरस के दिन होती है। सिंगापुर, मलेशिया, फिजी, मॉरीशस, ट्रिनिडाड, और कनाडा जैसे देशों में धनतेरस के अवसर पर "फेस्टिवल ऑफ़ वेल्थ एंड हेल्थ"नाम से सार्वजनिक समारोह आयोजित किए जाते हैं। 2025 में अमेरिका के न्यू जर्सी, डलास, और कैलिफोर्निया के भारतीय संघों ने भी धनतेरस पर "ग्लोबल धन्वन्तरि कांफ्रेंस 2025" आयोजित करने की घोषणा की है। इस सम्मेलन में स्वास्थ्य, योग, आयुर्वेद और वित्तीय जागरूकता पर चर्चा होगी,जो दिखाता है कि यह पर्व कितनी बहुआयामी प्रासंगिकता रखता है।

साथियों बात अगर हम धनतेरस और डिजिटल युग कीकांबिनेशन को समझने की करें तो ,वर्तमान डिजिटल युग में धनतेरस ने नई पहचान प्राप्त की है। ई-कॉमर्स प्लेटफ़ॉर्म्स जैसे अमेज़ॉन, फ्लिपकार्ट टाटा क्लिक, और रिलायंस डिजिटल इस दिन विशेष "धनतेरस फेस्टिव सेल " लॉन्च करते हैं।2025 में इन ऑनलाइन बिक्री से भारत की डिजिटल अर्थव्यवस्था में लगभग 25,000 करोड़ रूपए का अतिरिक्त प्रवाह होने का अनुमान है। डिजिटल पेमेंट्स, यूपीआई और रुपे कार्ड जैसी तकनीकें इस दिन के आर्थिक व्यवहार को पारदर्शिता और गति देती हैं।धनतेरस अब केवल बाजारों की चमक तक सीमित नहीं, बल्कि यह डिजिटल समृद्धि का प्रतीक भी बन चुका है,जो "नए भारत" की पहचान को दर्शाता है।साथियों बात अगर हम परिवार और परंपरा,घर की लक्ष्मी का स्वागत व धनतेरस और आधुनिक युवा पीढ़ी को समझने की करें तो,धनतेरस के दिन भारतीय घरों में सुबह से ही सजावट शुरू हो जाती है। लोग अपने घरों को साफ-सुथरा करते हैं, नए वस्त्र पहनते हैं और द्वार पर स्वस्तिक और शुभ-लाभ के चिन्ह बनाते हैं।

सायंकाल के समय दीपदान किया जाता है,विशेषकर तुलसी और मुख्य द्वार पर दीप जलाने का विधान है।गृहस्थ इस दिन "यम दीपदान" भी करते हैं,मान्यता है कि इस दीपक की ज्योति से मृत्यु और भय का निवारण होता है। यह प्रतीकात्मक रूप से"प्रकाश से अंधकार पर विजय" का संदेश देता है।घर की स्त्रियाँ इस दिन "लक्ष्मी आराधना" का प्रारंभ करती हैं, जिससे दीपावली की मुख्य पूजा का मंगल आरंभ माना जाता है।

# हम वैश्विक तबाही की ओर बढ़ रहे हैं

श्रुति व्यास

हम खतरनाक समय में जी रहे हैं! और यह न रूपक में, न मनोदशा में, बल्कि मापी जा सकने वाली सच्ची बात है। यह किसी हेडलाइन या चिंता से उपजी अतिशयोक्ति नहीं है। यह विज्ञान है। मानवता अब आत्मविनाश के कितने करीब पहुँच चुकी है, इसका प्रतीक डूम्सडे क्लॉक का इस साल 89 सेकंड पर टिकना है, आधी रात के, यानी विनाश के, सबसे नज़दीक।

'बुलेटिन ऑफ द एटॉमिक साइंटिस्ट्स' के वैज्ञानिकों और नोबेल विजेताओं की समिति ने यह समय इस साल आगे बढ़ाया, इस चेतावनी के साथ कि दुनिया अब परमाणु दुस्साहस, जलवायु अराजकता, तकनीकी अतिरेक और भ्रामक सूचनाओं के दलदल में डूब रही है।

उनके शब्दों में — हम वैश्विक तबाही की ओर बढ़ रहे हैं — रूपक रूप में नहीं, बल्कि नापने योग्य रूप में।

और यह सब दिखता है। मौसम पागल हो चुका है। इस साल भारत ने ही काफी तबाही झेली, पहाड़ काँपने लगे हैं, नदियाँ विद्रोह कर रही हैं, और शहर अपनी ही महत्वाकांक्षा में घुट रहे हैं।

धरती को इतना खोदा जा चुका है कि ज़मीन अब खोखली महसूस होती है। यहाँ तक कि आसमान भी बदल गया है अब वह शांत, दार्शनिक नीला नहीं जो कभी हमें ठहरकर ऊपर देखने को मजबूर करता था। वह नीला अब जलता है, धुंध और ताप से धुँधला हुआ, जैसे क्षितिज पर खुद प्रकृति ने चेतावनी लिख दी हो।

लेकिन पतन सिर्फ़ प्राकृतिक नहीं है, वह राजनीतिक भी है और डरावनी बात यह है कि वह लोकतांत्रिक भी है। आज दुनिया की अव्यवस्था केवल तानाशाहों की बनाई नहीं है, उसे लोकतंत्रों ने भी मिलकर गढ़ा है, और शायद परिष्कृत भी किया है। जो देश कभी अंतरराष्ट्रीय नैतिकता के स्थापक थे, वे अब अपने ही घरों में उसे तोड़ रहे हैं। वे संस्थाएँ, जो सत्ता के अतिरेक से नागरिकों की रक्षा के लिए बनी थीं — संसदें, अदालतें, मीडिया, विश्वविद्यालय — वे सब राजनीतिक दबाव या जन-थकान के बोझ तले चरमराने लगी हैं। लोकतंत्रों के पुराने checks and balances अब संतुलन नहीं बनाते।

वॉशिंगटन में, शासन पार्टीगत नाटक बन गया है। नई दिल्ली में, असहमति को देशद्रोह समझ लिया जाता है। यरूशलम में, न्यायपालिका एक व्यक्ति की इच्छा के आगे झुक जाती है। हमारे समय की अव्यवस्था अब सिर्फ़ वैश्विक नहीं, संस्थागत भी है, प्रणालीगत और आत्मनिर्मित। जो शुरुआत लोकतंत्र के क्षरण से हुई थी, वह अब उसके नए रूप में कठोर हो चुकी है — performative populism यानी प्रदर्शनकारी जनवाद। अब सत्ता चुपचाप नहीं चलाई जाती, उसे रोज़ मंचित किया जाता है टीवी पर, सोशल मीडिया पर, रैलियों में। और जो संस्थाएँ सवाल उठाने के लिए बनी थीं, उन्हें हास्यास्पद बनाकर अप्रासंगिक किया जा रहा है। संयुक्त राष्ट्र की अनदेखी की जाती है, अंतरराष्ट्रीय संधियाँ कमजोर कर दी गई हैं, और मानवाधिकार अब केवल औपचारिकता बनकर रह गए हैं।

जो व्यवस्था के रक्षक थे, वही अब उसे अस्थिर करने वाले बन गए हैं, शक्ति और सुविधा की भाषा में क़ानून को फिर से लिखा जा रहा है।

इस बीच, महाद्वीपों के पार 110 सशस्त्र संघर्ष चल रहे हैं, द्वितीय विश्व युद्ध के बाद सबसे ज़्यादा। सिर्फ़ एशिया में ही 21 युद्ध सक्रिय हैं, भारत और पाकिस्तान की पुरानी वैर-दृष्टि, भारत और चीन की जमी हुई सीमाएँ, पाकिस्तान और अफ़ग़ानिस्तान का नया तनाव।

ये दूर की जंगें नहीं हैं, यह पड़ोसियों के बीच की लड़ाइयाँ हैं, नदियों, सीमाओं, गर्व और स्मृति के नाम पर।

1990 के दशक का जो शांति लाभांश था, वह अब पूरी तरह उड़ चुका है। युद्ध फिर लौट आया है भाषा बनकर, नीति बनकर, विचारधारा बनकर। यहाँ तक कि यूरोप, जिसने दावा किया था कि उसने अपने युद्धों को बीसवीं सदी के मलबे के नीचे दफना दिया है, अब फिर लहूलुहान है। रूस का यूक्रेन पर आक्रमण उस भ्रम को तोड़ चुका है कि युद्ध अब इतिहास हैं। और पश्चिम एशिया तो मानो हमेशा जलता रहता है — ग़ाज़ा, लेबनान, ईरान, यमन — एक संघर्ष पर दूसरा संघर्ष, जब तक विनाश सामान्य नहीं लगने लगता। हर मोर्चा दूसरे को ईंधन देता है। हर युद्धविराम एक intermission जैसा लगता है, अंत नहीं। और इस अराजकता के बीच मंच पर आते हैं वे पुरुष — डोनाल्ड ट्रंप, नरेंद्र मोदी, बेंजामिन नेतन्याहू, व्लादिमीर पुतिन, रेचेप तैयप एर्दोगन — और उनके जैसे बाकी सब। हर कोई अपने-अपने तूफ़ान का उत्पाद है, पर मिलकर वे शक्ति का एक पैटर्न रचते हैं। वे व्यवस्था को शांत करने नहीं, नियंत्रित करने आते हैं। संस्थाएँ पुनर्निर्मित करने नहीं, उन्हें अपने प्रतिबिंब में ढालने। वे सब एक ही कोरियोग्राफ़ी में चलते हैं, यह भ्रम कि अव्यवस्था को करिश्मे से संचालित किया जा सकता है, कि कानून लोचदार है, और व्यवस्था उसी की है जो उसे फिर से परिभाषित करने का साहस रखता है। उनका उभार राष्ट्रों की ताक़त नहीं, नागरिकों की थकान का प्रमाण है, ऐसी जनता की, जो अस्थिरता से इतनी थक चुकी है कि वर्चस्व को ही नियति मान बैठी है। हमारे समय की त्रासदी यही है, पुराने नियम अब लागू नहीं, और कोई उनके लौटने को लेकर nostaligic भी नहीं। 1945 के बाद जो व्यवस्था नैतिक पुनर्निर्माण के आधार पर बनी थी, उसका भार अब खत्म हो चुका है। हम अब ऐसी दुनिया में रहते हैं जहाँ नैतिक ज्यामिति नहीं, बल्कि एल्गोरिद्म का हिसाब चलता है। जहाँ आक्रोश भी प्रतिस्पर्धा है, और स्मृति हर न्यूज़ साइकिल के साथ रीसेट हो जाती है। बीसवीं सदी में दानव थे, लेकिन अपराधबोध भी था। इक्कीसवीं सदी ने तमाशे को पूर्णता दी है। और फिर भी, इतिहास घूमकर वहीं आ गया है। जिस सदी को डिजिटल और लोकतांत्रिक होना था।




मेष

आज का दिन आपके लिए कई शुभ संकेत लेकर आया है। लंबे समय से चल रही कोई निजी समस्या अब किसी आत्मीय मित्र से बातचीत के बाद हल्की हो सकती है, जिससे आपको मानसिक सुकून मिलेगा। आज कोई पुराना साथी आपके घर दस्तक दे सकता है और उसके साथ बिताया गया वक्त आपके लिए सुखद अनुभव लेकर आएगा।

वृषभ

आज का दिन संतुलन और पारिवारिक सुख-संतोष से भरा रहेगा। स्पोर्ट्स से जुड़े लोग ट्रेनिंग में अपना सौ प्रतिशत देने का प्रयास करेंगे और मेहनत रंग भी लाएगी। कोरियर या लॉजिस्टिक से जुड़े कारोबारी आज लाभ की स्थिति में रहेंगे। विद्यार्थी अपने प्रैक्टिकल असाइनमेंट में सीनियर्स की सहायता से अच्छा प्रदर्शन करेंगे।

मिथुन

आज आपके जीवन में कुछ खास बदलाव दस्तक दे सकते हैं, जो भविष्य में लाभकारी सिद्ध होंगे। परिवार में आपके कामों की सराहना होगी और आपकी कार्यकुशलता की चर्चा हो सकती है।

कर्क

आज का दिन पारिवारिक दृष्टि से सकारात्मक रहेगा। घर में आपके अच्छे कार्यों की सराहना होगी। महिलाओं के लिए दिन विशेष रूप से फलदायी है, उन्हें किसी नए अवसर की प्राप्ति हो सकती है। छात्रों के लिए यह समय प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में समर्पित रहने का है।

सिंह

सिंह राशि के जातकों के लिए आज का दिन योजनाओं के क्रियान्वयन का है। व्यवसाय को विस्तार देने के लिए आप कोई नई रणनीति बना सकते हैं, जो आने वाले समय में सफलता का मार्ग खोलेगी। पुराने दोस्तों से मुलाकात संभव है जिससे मन प्रसन्न रहेगा। सेहत के मामले में राहत मिलेग ं।

कन्या

आज का दिन भक्ति और सेवा भाव से शुरुआत करने का है। किसी गरीब की मदद करने से आपके दिन की ऊर्जा सकारात्मक बनी रहेगी। घर में कोई धार्मिक आयोजन हो सकता है, जिससे पारिवारिक संबंधों में मजबूती आएगी।

तुला

आज आपके दांपत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी और प्रेम में नई ऊर्जा का संचार होगा। व्यापारियों के लिए दिन अधिक लाभ वाला रहेगा और कोई नया प्रोजेक्ट भी मिल सकता है। ऑफिस में लम्बे समय से अटके काम आज पूरे हो सकते हैं। मित्रों संग घूमने-फिरने की योजना भी बन सकती है।

वृश्चिक

आज आपकी शिक्षा में आ रही बाधाएं दूर होंगी और आप बेहतर प्रदर्शन करेंगे। किसी धार्मिक या पारिवारिक आयोजन में भाग लेने से मन प्रसन्न रहेगा। दोस्तों की मदद से आर्थिक संकट से राहत मिल सकती है। जल्दबाजी से बचें और योजनाबद्ध तरीके से आगे बढ़ें।

धनु

धनु राशि के जातकों के लिए आज का दिन धार्मिकता और पारिवारिक मेलजोल से भरपूर रहेगा। परिवार संग किसी धार्मिक स्थल की यात्रा हो सकती है, जिससे मानसिक शांति मिलेगी। नया व्यापार शुरू करने के लिए दिन शुभ है।

मकर

आज आपको अधिक मेहनत करनी पड़ सकती है, लेकिन इसका सकारात्मक परिणाम भी देखने को मिलेगा। कार्यस्थल पर नई जिम्मेदारियाँ मिल सकती हैं, जिनका आप सफलतापूर्वक निर्वहन करेंगे। माता के आशीर्वाद से घर में कोई शुभ समाचार मिल सकता है।

कुंभ

कुंभ राशि के लिए आज का दिन नई शुरुआत और संभावनाओं से भरपूर है। ऑफिस में कोई नया प्रोजेक्ट मिल सकता है, जो आपकी जिम्मेदारियों को बढ़ा सकता है। धन लाभ के योग हैं, लेकिन मेहनत भी अधिक करनी पड़ेगी। तकनीकी क्षेत्रों से जुड़े लोगों के लिए आज का दिन उपलब्धियों से भरा रहेगा।

मीन

आज आपके जीवन में सकारात्मक परिवर्तन देखने को मिलेंगे। परिवार में आपका मान-सम्मान बढ़ेगा और आपके कार्यों की सराहना होगी। विद्यार्थियों के लिए पढ़ाई में रूचि बढ़ेगी और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी का बेहतर समय है। समय का सदुपयोग करते हुए आप सफलता की ओर बढ़ेंगे।

# ओवैसी की मोदी-मुहम्मद तुलना

शंकर शरण

ओवैसी ने अभी 6 अक्तूबर को बहादुरगंज की एक सभा में पूछा: अगर हम 'आई लव मुहम्मद' का पोस्टर लेकर चलें तो उसमें अवैध क्या है? इस का उत्तर है कि तसलीमा का कथन जब तक इस्लाम रहेगा, आतंकवाद रहेगा का पोस्टर लेकर चलना भी उतना ही वैध है। यानी, मुहम्मद की आलोचना उतना ही वैध है जितना मुहम्मद से मुहब्बत करना। दोनों अधिकार समान धरातल पर हैं। एक ही सिक्के के दो पहलू। जैसा तसलीमा ने कहा: कोई व्यक्ति आलोचना से ऊपर नहीं — न कोई मनुष्य, न कोई संत, न कोई मसीहा, न कोई प्रोफेट, न कोई गॉड। संसार को बेहतर बनाने के लिए आलोचनात्मक परीक्षण आवश्यक है।

गत 2 अक्तूबर को हैदराबाद में एम.आई.एम. नेता असदुद्दीन ओवैसी ने कहा: इस देश में 'आई लव मोदी' तो बोल सकते हैं, लेकिन 'आई लव मुहम्मद' नहीं बोल सकते। आप इस देश को कहाँ ले जा रहे हैं? यदि कोई कहे 'आई लव मोदी' तो मीडिया वाले भी खुश हो जाएंगे। मगर कोई 'आई लव मुहम्मद' बोले तो कहेंगे यह ठीक नहीं है।

निस्संदेह, प्रत्येक व्यक्ति को मोदी ही नहीं बल्कि मुहम्मद से भी मुहब्बत जताने की आजादी है। इसमें विवाद नहीं। पर यह तुलना गलत है। 'मुहम्मद से मुहब्बत' की उचित तुलना मोदी नहीं, बल्कि तसलीमा नसरीन या सलमान रुश्दी होते। क्या सब को तसलीमा नसरीन से भी वही मुहब्बत दर्शाने, 'आई लव तसलीमा' के पोस्टर लगाने की आजादी होनी चाहिए या नहीं? विशेषकर मुसलमानों को?

इस्लामी मूल ग्रंथों के अध्ययन करके, मुहम्मद के जीवन और कार्य के अनेक उदाहरण देकर अपने मार्मिक निबंध 'बिकॉज ऑफ रिलीजन' (2003) में तसलीमा इस निष्कर्ष पर पहुँचीं: मुहम्मद ने कुरान अपने स्वार्थ के लिए, अपनी सुविधा के लिए, अपने सुख के लिए लिखी थी। सो, इस्लाम का इतिहास जान कर वह उस से उदासीन हो गईं।

इसलिए सही तुलना यह होती- कि जैसे मोदी या मुहम्मद से प्रेम करने का अधिकार सभी भारतवासियों को है, वैसे ही मोदी और मुहम्मद की आलोचना करने का भी सब को अधिकार है। जैसा तसलीमा ने कहा: कोई व्यक्ति आलोचना से ऊपर नहीं — न कोई मनुष्य, न कोई संत, न कोई मसीहा, न कोई प्रोफेट, न कोई गॉड। संसार को बेहतर बनाने के लिए आलोचनात्मक परीक्षण आवश्यक है।

अत: जब तक हर भारतवासी यह बात रखने के अधिकार को भी स्वीकार नहीं करे, तब तक केवल मोदी या मुहम्मद पर केंद्रित रहना एकतरफा शिकायत होगी। ऐसा अधिकार कोई नहीं रख सकता जिस से वह दूसरों को वंचित करना चाहे। यदि ओवैसी किसी व्यक्ति या विचार से प्रेम रखने का अधिकार माँगते हैं, तो उन्हें समान रूप से स्वीकार करना होगा कि दूसरों को उसी व्यक्ति या विचार को नापसंद करने का भी अधिकार है। अन्यथा वह अपनी पसंद दूसरों पर थोपना हो जाएगा। चाहे वह मोदी हों या मुहम्मद।

अभिव्यक्ति स्वतंत्रता एकतरफा नहीं हो सकती। वह भी एक ही विषय पर। जैसे, अभी 'आई लव मुहम्मद' विषय है। यहाँ 'आई डोन्ट लव मुहम्मद' भी कहने का वही खुला अधिकार होना चाहिए। मोदी या मुहम्मद, उन के बारे में केवल मीठी बातें कहने की अनुमति नहीं होनी चाहिए। महान लेखक जॉर्ज ऑरवेल की उक्ति प्रसिद्ध है: यदि स्वतंत्रता का कोई अर्थ है तो यही है कि लोगों को वह बात कहने का अधिकार हो जिसे वे सुनना नहीं चाहते। यानी, असुविधाजनक सत्य।

यही उक्ति 'आई लव मुहम्मद' को सही परिप्रेक्ष्य में रखती है। इस का सर्वाधिक उपयुक्त आधार मुहम्मद की प्रमाणिक जीवनी, सीरा है। (इब्न इशाक का 'सीरते रसूल अल्लाह', अंग्रेजी अनु. 'द लाइफ ऑफ मुहम्मद')। यह सर्व-प्रमाणिक ग्रंथ मुहम्मद के कथनों और कार्यों के विवरणों से भरा है। उसे पढ़कर असंख्य पाठक मुहम्मद के अनेक विचारों और कार्यों को प्रेम करने योग्य नहीं पा सकते। तसलीमा केवल उदाहरण हैं।उस के अलावा भी अनेक महत्वपूर्ण प्रश्न है — विशेषकर गैर-मुसलमानों (काफिरों) के प्रति मुहम्मद के राजनीतिक निर्देश। जो न्यायोचित मूल्यांकन की माँग करते हैं। इसलिए भी, क्योंकि विश्वभर में असंख्य मुस्लिम नेता, जहाँ भी उन्हें शक्ति या अवसर मिलता है, उन्हीं निर्देशों को लागू करने का प्रयास करते हैं। इसके अनेक उदाहरण भारत समेत दुनिया भर में हैं, जहाँ गैर-मुस्लिमों को उन निर्देशों की पीड़ा झेलनी पड़ती है। कश्मीरी पंडित और बंगाली हिन्दू तो वर्तमान उदाहरण हैं। पर मुहम्मद के उन निर्देशों के परीक्षण, मूल्यांकन को अधिकांश नेता दबाने की प्रवृत्ति रखते है।

जैसे अभी ओवैसी कर रहे हैं, वे मुहम्मद से मुहब्बत की वैधता पर बल देते हैं, परंतु उन की आलोचना की उसी वैधता से इनकार करते हैं। यही असली समस्या है। इसे किसी समुदाय का 'फेथ' बताकर सुलझाया नहीं जा सकता। क्योंकि ठीक उलटे फेथ और समुदाय भी हैं। बुतशिकनी ही नहीं, बुतपरस्ती भी फेथ है। तब कैसे फैसला होगा? इसलिए मानवता की दो आचार-संहिता नहीं हो सकती, जैसे एक मानव शरीर में दो हृदय नहीं रह सकते। मानवता का भाग होने के नाते मुसलमानों को वह स्वर्णिम नियम मानना होगा जो सभी मनुष्यों पर लागू है- दूसरों के साथ वैसा ही करो जैसा तुम चाहते हो कि वे तुम्हारे साथ करें।

इसलिए, एक ओवैसी को भी सहजता से उस स्वर्णिम नियम का पालन करना चाहिए जैसा तसलीमा नसरीन या सलमान रुश्दी करते हैं। किंतु राजनीतिक, कानूनी और नैतिक विषयों की एक पूरी श्रृंखला है, जिस पर अधिकांश मुस्लिम नेता विशेषाधिकार का अंदाज रखते हैं। वे अपने लिए ऊँचा और दूसरे के लिए नीचा व्यवहार रखते हैं — कानून ही नहीं, मानवीय नैतिकता से भी ऊपर। वे अन्य धर्मों और धर्म समुदायों के लिए अपमानजनक शब्दों का प्रयोग करते हैं। उन्हें 'कुफ्र' और उनके अनुयायियों को 'काफिर' कह कर। पूरी इस्लामी शब्दावली में इससे अधिक घृणित शब्द दूसरा नहीं! यह दिखाने के लिए अकेले कुरान ही काफी है।

# विविध-समाचार

## आर्मी कैंप पर ग्रेनेड एटैक, 3 जवान गंभीर रूप से घायल; सर्च ऑपरेशन जारी

दिसपुर(आरएनएस)। असम के तिनसुकिया जिले के काकोपाथर इलाके में स्थित एक आर्मी कैंप पर देर रात ग्रेनेड हमला हुआ। इस हमले में सेना के तीन जवान घायल हो गए हैं। गुरुवार रात हुई इस घटना के दौरान गोलीबारी और विस्फोटों की आवाजें देर तक सुनाई देती रहीं, जिससे आसपास के लोगों में अफरा-तफरी मच गई। सूत्रों के मुताबिक, आधी रात के करीब अज्ञात हमलावरों ने भारतीय सेना की 19 ग्रेनेडियर्स यूनिट के कैंप के पास ग्रेनेड फेंके। धमाकों में घायल जवानों को नजदीकी सैन्य अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है। हमले के बाद सेना और पुलिस ने पूरे क्षेत्र को घेर लिया है। सुरक्षा बलों ने तलाशी अभियान शुरू कर दिया है और नागरिकों की आवाजाही पर अस्थायी रोक लगा दी गई है। फिलहाल घटना के पीछे किस संगठन का हाथ है, इसकी जांच की जा रही है।

## कनाडा में कपिल शर्मा के कैफे पर तीसरी बार फायरिंग, लॉरेंस बिश्नोई गैंग ने ली जिम्मेदारी

नई दिल्ली (आरएनएस)। कॉमेडियन कपिल शर्मा लगातार ही गैंगस्टर्स के निशाने पर बने हुए हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार तीसरी बार उनके कनाडा स्थिति कैप्स कैफे पर फायरिंग हुई। इस फायरिंग की जिम्मेदारी लॉरेंस बिश्नोई गैंग ने ली है। लॉरेंस बिश्नोई गैंग के गैंगस्टर गोल्डी ढिल्लों और कुलवीर सिद्धू (नेपाली) ने गोलीबारी के बाद सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर कर हमले की जिम्मेदारी ली है। बता दें, इससे पहले भी लॉरेंस बिश्नोई गैंग ने ही कपिल के कैफे पर दो बार फायरिंग करवाई थी। कैफे पर कम से कम तीन राउंड गोलियां चलाई गई हैं। हालांकि, अच्छी बात ये है कि किसी के भी घायल होने की खबर सामने नहीं आई है। घटना का एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें गोली चलने के कुछ पल बाद का दृश्य दिखाया गया है। फायरिंग के बाद लारेंस गैंग ने लिखा, वाहेगुरु जी का खालसा, वाहेगुरु जी की फतेह। आज जो कैप्स कैफे में तीन बार फायरिंग हुई है, उसकी जिम्मेदारी मैं, कुलवीर सिद्धू और गोल्डी ढिल्लों लेते हैं। हमारी आम जनता से कोई दुश्मनी नहीं है। जिनसे हमारा झगड़ा है, वो हमसे दूर रहें। जो लोग अवैध काम करते हैं, लोगों से काम करवा कर पैसे नहीं देते हैं, वो भी तैयार रहें। जो भी बॉलीवुड में धर्म के खिलाफ बोलते हैं, वो भी तैयार रहें। गोली कहीं से भी आ सकती है। वाहेगुरु जी का खालसा, वाहेगुरु जी की फतेह।

## बाजवा ने 'भ्रामक' औद्योगीकरण अभियान के लिए आप सरकार की आलोचना की

चंडीगढ़ (आरएनएस)। पंजाब विधानसभा में विपक्ष के नेता प्रताप सिंह बाजवा ने गुरुवार को आम आदमी पार्टी (आप) के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार पर तीखा और स्पष्ट हमला बोला और उसके बहुप्रचारित औद्योगीकरण अभियान को धोखे और खोखले वादों से भरा दिखावा बताया। बाजवा ने पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के दोहरे दोगलेपन को उजागर किया, जो बेंगलुरु में उद्योगपतियों से मिलते हुए, एक ऐसी सरकार की अध्यक्षता करते हैं, जिसने पंजाब लघु उद्योग और निर्यात निगम (पीएसआईईसी) से अनुदान सहायता में 243.73 करोड़ रुपये की बेशर्मी से वापस ले ली है। बाजवा ने इस कदम की निंदा करते हुए कहा, 'एक तरफ सीएम मान नए निवेशकों को खोखले वादे कर रहे हैं और दूसरी तरफ उनका प्रशासन राज्य में पहले से चल रहे उद्योगों के लिए समर्थन प्रणाली को सक्रिय रूप से खत्म कर रहा है.' उन्होंने इस कदम को 'सरासर पाखंड' और आप के कुशासन का प्रतिबिंब बताते हुए इसकी निंदा की. बाजवा ने अपनी लंबे समय से वादा की गई नई औद्योगिक नीति को लागू करने में सरकार की विफलता पर सवाल उठाया, एक प्रतिबद्धता जिसे विभिन्न मंचों पर बार-बार उद्धृत किया गया है, लेकिन कभी पूरा नहीं किया गया। उन्होंने आम आदमी पार्टी पर पंजाब में उद्यमियों और निर्माताओं के सामने आने वाली जमीनी हकीकत को नजरअंदाज करते हुए पब्लिसिटी स्टंट करने का आरोप लगाया। पंजाब के उद्योग एवं बिजली मंत्री संजीव अरोड़ा को कड़ी फटकार लगाते हुए बाजवा ने राज्य के बुनियादी ढांचे के बारे में उनके हालिया दावों को झूठा और भ्रामक बताते हुए खारिज कर दिया और कहा कि सरकार व्यवसायों के लिए अनुकूल माहौल बनाने में 'विनाशकारी रूप से विफल' रही है।

उन्होंने कहा, 'सच्चाई स्पष्ट है- कारोबारी बेहतर बुनियादी ढांचे, कम परिचालन लागत और अन्य राज्यों में अधिक सहायक नीतियों की तलाश में पंजाब छोड़ रहे हैं। यह आप सरकार की उदासीनता और अक्षमता का सीधा परिणाम है।

## राघोपुर में तेजस्वी यादव को तीसरे नंबर पर धकेल देंगे - प्रशांत किशोर

पटना , (आरएनएस)। जन सुराज के संस्थापक प्रशांत किशोर ने गुरुवार को दावा किया कि वे राघोपुर से इस विधानसभा चुनाव में राजद नेता तेजस्वी यादव को तीसरे नंबर पर धकेल देंगे। उन्होंने महागठबंधन में सीटों को लेकर चल रहे खींचतान के बारे में कहा कि महागठबंधन को तो पहले यह स्पष्ट करना चाहिए कि वीआईपी के मुकेश सहनी उनके साथ हैं या नहीं। बिना एक भी सीट पर चुनाव लड़ने की आधिकारिक घोषणा किए, उन्होंने डिप्टी सीएम बनने का दावा कर दिया है। मूल बात यह है कि इस बार महागठबंधन ने खुलकर करोड़ों रुपए में टिकटों की बिक्री की है। कई जगहों पर महागठबंधन के दो-दो दलों ने उम्मीदवार दे दिए हैं। प्रशांत किशोर ने खुद के राघोपुर से चुनाव न लड़ने के फैसले को पार्टी का फैसला बताते हुए कहा कि पार्टी का कहना है कि इससे जन सुराज के शेष उम्मीदवारों को मदद हो सकेगी। उन्होंने यह भी कहा कि तेजस्वी यादव और उनका पूरा परिवार मिलकर भी हमें नहीं डरा सकता है। आप देखिएगा, राघोपुर में उनको तीसरे नंबर पर धकेल देंगे। बता दें कि पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव राघोपुर से एक बार फिर चुनावी मैदान में उतरे हैं। इससे पहले, पूर्व सांसद और अररिया के जोकीहाट से चार बार विधायक रहे सरफराज आलम जन सुराज पार्टी में शामिल हो गए। पार्टी के सूत्रधार प्रशांत किशोर के साथ ही राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय सिंह और प्रदेश अध्यक्ष मनोज भारती ने उनका पार्टी में स्वागत किया। सरफराज आलम पूर्व केंद्रीय मंत्री और सीमांचल की राजनीति के बड़े मुस्लिम चेहरे स्वर्गीय तस्लीमुद्दीन के पुत्र हैं। वर्ष 1996 में पहली बार राजद के टिकट पर जोकीहाट से उपचुनाव जीतकर विधायक और बिहार सरकार में मंत्री बने थे। इसके बाद साल 2, 21 और 215 में भी विधायक रहे।

## आरजेडी के 15 साल के जंगलराज ने बिहार को आधी सदी पीछे धकेला : अमित शाह

नई दिल्ली (ए.)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने राजद और लालू यादव के 15 साल के जंगलराज को बिहार के पिछड़ेपन का मूल कारण बताया। उन्होंने कहा कि इस अवधि में राज्य लगभग आधी सदी पीछे धकेल दिया गया, जिससे उसकी गरिमा, वैभव और औद्योगिक उन्नति समाप्त हो गई। शाह ने बिहार की सुरक्षा, विकास और बेहतर कानून व्यवस्था के लिए मोदी-नीतीश की जोड़ी को पुन: सत्ता में लाने का आह्वान किया, साथ ही राजद द्वारा शहाबुद्दीन के बेटे को टिकट देने पर भी सवाल उठाए। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को बिहार विधानसभा चुनाव में दिवंगत अपराधी शहाबुद्दीन के बेटे को टिकट देने पर राष्ट्रीय जनता दल (राजद) की कड़ी आलोचना की। सारण में एक जनसभा को संबोधित करते हुए, शाह ने कहा कि बिहार को सुरक्षित रखने के लिए मोदी-नीतीश की जोड़ी को फिर से सत्ता में लाना होगा। शाह ने कहा कि मैंने



राजद-राष्ट्रीय जनता दल के उम्मीदवारों की सूची देखी है, और उसमें शहाबुद्दीन के बेटे का नाम भी है। अगर राजद शहाबुद्दीन के बेटे को चुनाव का टिकट दे दे, तो क्या बिहार सुरक्षित रह सकता है? अगर हमें बिहार को सुरक्षित रखना है, तो हमें मोदी-नीतीश की जोड़ी को फिर से लाना होगा। राजद ने आगामी चुनावों के लिए शहाबुद्दीन के बेटे ओसामा शहाब को सीवान के रघुनाथपुर विधानसभा क्षेत्र से मैदान में उतारा है। उन्होंने आगे कहा कि एनडीए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में चुनाव लड़ रहा है। अमित शाह ने कहा, बिहार में हम मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में चुनाव लड़ रहे हैं और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश का नेतृत्व कर रहे हैं। शाह ने राजद सुप्रीमो और बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू यादव पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि लालू-राबड़ी के 15 साल के जंगल राज ने बिहार को लगभग आधी सदी पीछे धकेल दिया।

## सरकारी स्थलों के उपयोग संबंधी मंत्रिमंडल का फैसला "केवल आरएसएस के लिए नहीं": सिद्धरमैया

बेंगलुरू (ए.)। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने शुक्रवार को कहा कि मंत्रिमंडल द्वारा सार्वजनिक स्थानों और सरकारी परिसरों में कार्यक्रमों के आयोजन के लिए नियम बनाने का फैसला 'सिर्फ आरएसएस के लिए नहीं है। मुख्यमंत्री की यह टिप्पणी उनके नेतृत्व वाले मंत्रिमंडल द्वारा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की गतिविधियों, जिनमें सड़कों पर मार्च करना और सार्वजनिक स्थानों व सरकारी परिसरों में कार्यक्रम आयोजित करना शामिल है, पर लगाम लगाने के लिए नियम बनाने के फैसले के एक दिन बाद आई है।



लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को राज्यभवन पहुंचे। जहां पर उन्होंने प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल से शिष्टाचार भेंट की।

## लालू यादव के हाथों सिंबल मिलने पर खेसारी लाल खुश, छपरा से करेंगे नामांकन

पटना (आरएनएस)। बिहार में विधानसभा चुनाव को लेकर सियासी सरगर्मियां तेज हो गई हैं। राजनीतिक दलों ने चुनाव में अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। इसी क्रम में भोजपुरी एक्टर खेसारी लाल यादव भी राजद से चुनाव लड़ेंगे। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव ने भोजपुरी एक्टर खेसारी लाल यादव को पार्टी का सिंबल दिया। इसे लेकर खेसारी लाल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक तस्वीर भी शेयर की है। खेसारी छपरा विधानसभा सीट से चुनाव लड़ेंगे और वे शुक्रवार को नामांकन दाखिल करेंगे। खेसारी लाल यादव ने एक्स पर पोस्ट कर कहा कि मैं, आप सभी का बेटा और भाई खेसारी लाल यादव, इस बार छपरा विधानसभा से चुनाव लड़ रहा हूं। मैं कोई परंपरागत नेता नहीं हूं, मैं आप सभी जनता जनार्दन का बेटा हूं, खेत-खलिहान का लाल हूं, हर तबके की आवाज हूं और युवा भाइयों का जोश हूं।

## दिवाली से पहले ही दिल्ली में फूलने लगी लोगों की सांसे, कई इलाकों में AQI 350 के पार पहुंचा



नई दिल्ली (आरएनएस)। दिल्ली में दिवाली से पहले ही प्रदूषण का स्तर तेजी से बढ़ रहा है, जिससे लोगों की सेहत पर असर पड़ने लगा है। सुबह-शाम के समय हवा में धुंध की चादर छाई हुई है और कई इलाकों में लोगों को आंखों में जलन, गले में खराश और सांस लेने में तकलीफ की शिकायतें हो रही हैं। शुक्रवार सुबह राजधानी की हवा 'बेहद खराब' श्रेणी में दर्ज की गई। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (CPCB) के अनुसार, सुबह आठ बजे दिल्ली का औसत एयर क्वालिटी इंडेक्स (AQI) 367 रिकॉर्ड किया गया। आनंद विहार का हाल सबसे चिंताजनक रहा, जहां AQI 370 तक पहुंच गया। वजीरपुर में 328, जहांगीरपुरी में 324 और अक्षरधाम में 369 का स्तर दर्ज किया गया। इसके अलावा दिल्ली के कई हिस्सों में AQI 200 से अधिक पाया गया, जो 'खराब' श्रेणी में माना जाता है। विशेषज्ञों का कहना है कि उत्तर भारत में ठंड की शुरुआत के साथ हवा की रफ्तार धीमी होने और पराली जलाने की घटनाओं में बढ़ोतरी से दिल्ली-एनसीआर में प्रदूषण का स्तर और बढ़ सकता है। इसके साथ ही वाहनों का धुआं, निर्माण कार्यों से उठने वाली धूल और आतिशबाजी भी वायु गुणवत्ता को और बिगाड़ सकती है बढ़ते खतरे को देखते हुए दिल्ली सरकार ने गुरुवार शाम 2025-26 के लिए विंटर एक्शन प्लान जारी कर दिया है, जिसे तत्काल प्रभाव से लागू किया गया है। इस प्लान में सात प्रमुख थीम और 25 एक्शन पॉइंट शामिल हैं।

## ठाणे जिले में व्यक्ति का अपहरण कर 2.98 लाख रुपये की जबरन वसूली की गई, जांच जारी

ठाणे (ए.)। महाराष्ट्र के ठाणे जिले में चार लोगों ने कथित रूप से एक व्यवसायी को अगवा कर उससे 2.98 लाख रुपये की जबरन वसूली की। पुलिस को संदेह है कि यह मामला व्यावसायिक रंजिश का है। एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उल्हासनगर निवासी शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया कि एक आरोपी ने उसे 13 अक्टूबर को एक बैठक के लिए बुलाया था लेकिन पिस्तौल जैसी दिखने वाली किसी वस्तु को उसकी पीठ पर लगाकर उसे म्हारल गांव में एक खदान के पास एक सुनसान कमरे में ले गया। कमरे के अंदर पहुंचने के बाद चारों आरोपियों ने शिकायतकर्ता को जबरन उसका जीपे (गूगल पे) पिन बताने के लिए मजबूर कर उसके खाते से पैसे स्थानांतरित कर लिए।

## दिनदहाड़े करोड़ों की डकैती का पर्दाफाश, कंपनी कर्मचारी ही निकला मास्टरमाइंड; रिश्तेदारों संग दिया था वारदात को अंजाम



मुंबई (आरएनएस)। मुंबई पुलिस ने एक दिनदहाड़े डकैती के मामले को सुलझाते हुए 2.29 करोड़ रुपए के सोने के आभूषण बरामद किए हैं। यह डकैती सेवरी इलाके में हुई थी, जिसे एक ज्वैलरी कंपनी के कर्मचारी और उसके राजस्थान के रिश्तेदारों ने मिलकर अंजाम दिया था। पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है और चोरी का पूरा माल बरामद कर लिया है। रफी अहमद किदवई (आरएके) मार्ग पुलिस के अनुसार घटना 13 अक्टूबर की दोपहर करीब ढाई बजे हुई। मास्टर चेन एंड ज्वेल्स के डिलीवरी एजेंट श्यामलभाई होथीभाई रबारी (31) और उनके सहयोगी जगदीश केराभाई आल, क्वालिटी एसे एंड हॉलमार्क एलएलपी से 2,067.143 ग्राम सोने के आभूषण लेकर कालाचौकी स्थित कंपनी के कारखाने जा रहे थे। सेवरी कोर्ट के पास जकारिया बंदर रोड पर दो मोटरसाइकिल सवार बदमाशों ने उनकी बाइक में टक्कर मारी। एक बदमाश ने पिस्तौल दिखाकर धमकाया और 2.29 करोड़ रुपए मूल्य का सोना लूटकर फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते ही श्यामलभाई ने अपने नियोक्ता राज कोठारी को बताया, जिन्होंने आरएके मार्ग पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज की। पुलिस उपायुक्त रागसुधा आर (जोन 4) की देशरेख में वरिष्ठ निरीक्षक विनोद तावड़े ने आठ पुलिस टीमें गठित कीं।सीसीटीवी फुटेज और तकनीकी साक्ष्यों की जांच से श्यामलभाई की कहानी पर संदेह हुआ। गहन जांच में पता चला कि श्यामलभाई ने अपने सहयोगी जगदीश और राजस्थान के दो रिश्तेदारों, भानाराम भगराज रबारी (21) और लीलाराम नागजी देवासी (21) के साथ मिलकर इस फर्जी डकैती की साजिश रची थी। पुलिस ने डिजिटल सुरागों के आधार पर भानाराम और लीलाराम को गुजरात के अहमदाबाद के ओधव गांव से पकड़ा, जब वे राजस्थान के जालोर जिले में अपने गांव भागने की कोशिश कर रहे थे। पुलिस ने चारों आरोपियों से चोरी का पूरा सोना और उनके मोबाइल फोन बरामद किए। जांच में सामने आया कि श्यामलभाई पिछले छह-सात सालों से कंपनी में काम कर रहे थे और कंपनी की प्रक्रियाओं से अच्छी तरह वाकिफ थे।

## राजस्थान में व्यवसायी की हत्या के मामले में पश्चिम बंगाल से तीन शूटर गिरफ्तार



जयपुर (ए.)। राजस्थान के कुचामन सिटी कस्बे में एक व्यवसायी की हत्या के मामले में वांछित तीन शूटरों को पश्चिम बंगाल से गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। राजस्थान पुलिस की एंटी-गैंगस्टर टास्क फोर्स (एजीटीएफ) ने कोलकाता में स्थानीय पुलिस के साथ मिलकर बृहस्पतिवार देर रात तीन आरोपियों - गणपत गुर्जर, धर्मेंद्र गुर्जर और महेश गुर्जर को गिरफ्तार कर लिया। चौथा आरोपी जुबैर अहमद अब भी फरार है। अधिकारियों के अनुसार सात अक्टूबर को कुचामन के एक जिम में व्यवसायी रमेश रुलानिया की हत्या के बाद चारों आरोपी शूटर आठ दिनों तक फरार रहे और गिरफ्तारी से बचने के लिए लगातार ठिकाने बदलते रहे। पुलिस के एक अधिकारी ने कहा, इस दौरान आरोपी एक दर्जन से ज़्यादा शहरों में लोकल ट्रेन और बसों से यात्रा करते रहे, रात में कहीं रुके नहीं ताकि उनकी सही लोकेशन का पता न चल सके। पुलिस के अनुसार इस दौरान कुछ आरोपी आंध्र प्रदेश के तिरुपति मंदिर गए और अपना रूप बदलने के लिए अपने सिर मुंडवा लिए। बाद में यह समूह अलग हो गया जिसमें जुबैर अहमद अन्य आरोपियों से अलग हो गया। बाकी तीन झारखंड होते हुए कोलकाता पहुंचे जहां राजस्थान पुलिस की टीमों ने उनका पता लगाया। पुलिस ने बताया कि एजीटीएफ और पुलिस की विशेष इकाई कई राज्यों में आरोपियों पर नजर रख रही थी। खुफिया जानकारी के आधार पर टीमें कोलकाता पहुंची और स्थानीय पुलिस की मदद से तीनों को गिरफ्तार कर लिया।

## हिमाचल प्रदेश : भाजपा का राज्य सरकार पर तीखा हमला, आपदा राहत में भेदभाव का आरोप

बिलासपुर (आरएनएस)। हिमाचल प्रदेश के बिलासपुर में भारतीय जनता पार्टी के मुख्य प्रदेश प्रवक्ता रणधीर शर्मा ने प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने सरकार पर प्राकृतिक आपदा को गंभीरता से न लेने का गंभीर आरोप लगाया। भाजपा प्रवक्ता रणधीर शर्मा ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि वर्ष 2023 की तरह इस बार भी सरकार ने आपदा प्रभावितों के लिए विशेष राहत पैकेज की घोषणा नहीं की, जिससे प्रदेश के कई जिलों के लोग राहत से वंचित रह गए। उन्होंने सरकार की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि केवल मंडी जिले को राहत पैकेज मिला, जबकि पूरे प्रदेश को इसकी जरूरत थी। इस साल बरसात के कारण प्रदेश में 300 से अधिक मौतें हुईं, 50 लोग लापता हैं, 1700 से अधिक घर पूरी तरह नष्ट हुए, और साढ़े सात हजार घर आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हुए। इसके अलावा, साढ़े आठ हजार पशुशालाएं भी प्रभावित हुईं। उनके विधानसभा क्षेत्र में भी 100 से अधिक घर क्षतिग्रस्त हुए, लेकिन प्रभावितों को केवल पांच हजार रुपए की मामूली राहत दी गई।

## दिल्ली में 80 दिन तक वैश्विक स्तर के संगीत व सांस्कृतिक समारोह आयोजित होंगे : सीएम रेखा गुप्ता

नई दिल्ली (आरएनएस)। दिल्ली की मुख्यमंत्री श्रीमती रेखा गुप्ता ने कहा है कि दिल्ली अब केवल देश की राजधानी नहीं, बल्कि भारत की 'क्रिएटिव कैपिटल' बनने की राह में तेजी से आगे बढ़ रही है। राजधानी में आने वाले 80 दिनों में 30 से अधिक बड़े और यादगार भारतीय और अंतर्राष्ट्रीय सांस्कृतिक आयोजन किए जाएंगे, जो पहले कभी नहीं हुए। उन्होंने कहा कि देश की राजधानी दिल्ली को 'इवेंट-फ्रेंडली सिटी' बनाने के लिए ही बड़े स्टेडियमों व सभागारों के किराए में प्रभावी कमी गई है और उन्हें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपग्रेड किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि ऐसे आयोजनों को सरलता से कराने के लिए सिंगल विंडो सिस्टम से इवेंट परमिशन, लॉजिस्टिक्स और सुरक्षा प्रक्रिया आसान बनाई जा रही है, ताकि दिल्ली की लाइव एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री को बेहतर बढ़ावा



मिले। मुख्यमंत्री का यह भी कहना है कि दिल्ली सरकार 'विरासत भी-विकास भी' मंत्र के साथ सांस्कृतिक विविधता और राष्ट्रीय एकता की भावना को बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है।

नामी कलाकार देंगे अपनी प्रस्तुति

दिल्ली सचिवालय में आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में मुख्यमंत्री ने यह जानकारी दी। इसमें दिल्ली सरकार के पर्यटन तथा कला, संस्कृति मंत्री श्री कपिल मिश्रा ने भी अपने विचार साझा किए। मुख्यमंत्री ने कहा कि आगामी 80 दिनों में देश की राजधानी में सांस्कृतिक व संगीत की लहर चलेगी, जब देश और विदेश के बड़े कलाकार राजधानी में अपनी प्रस्तुति देंगे। इनमें ट्रैविस स्कॉट, कृष्ण दास, जाकिर खान, पैपोन, एपी ढिल्लों, अरमान मलिक, जोनिता गांधी, राधिका दास सहित अनेक सितारे शामिल हैं। उन्होंने कहा कि यह पहल दिल्ली सरकार, इवेंट एंड एंटरटेनमेंट मैनेजमेंट एसोसिएशन (फेमा) और पीएचडी चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (पीएचडीसीसीआई) के संयुक्त सहयोग से की जा रही है, ताकि इन कार्यक्रमों का स्तर भी बरकरार रहे, किसी भी प्रकार की प्रशासनिक या अन्य परेशानी न हो और वहां आने वाले दर्शक पूरा आनंद ले सकें। मुख्यमंत्री का कहना था कि राज्यों के लिए कॉन्सर्ट इकोनॉमी एक महत्वपूर्ण आर्थिक क्षेत्र है, जिस पर गंभीरता से ध्यान दिया जाना जरूरी है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी और केंद्रीय मंत्री मनसुख मांडविया के प्रति आभार व्यक्त किया, जिनके निरंतर सहयोग से दिल्ली सरकार इस दिशा में अहम कदम उठा पा रही है।

## पंजाबी बाग चौक को अब स्व. मदन लाल खुराना चौक के नाम से जाना जायेगा

नई दिल्ली (आरएनएस)। राजधानी दिल्ली के लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) द्वारा पंजाबी बाग पुल के नीचे स्थित पुराने जनरल स्टोर चौक का नामकरण दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय मदन लाल खुराना के जन्मदिन के अवसर पर किया गया। इस चौक का लोकार्पण समारोह आज उनकी जन्म जयंती 15 अक्टूबर 2025 को हुआ। आयोजन का संचालन लोक निर्माण विभाग, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार के तत्वावधान में किया गया। नामकरण पट्टिका का अनावरण दिल्ली सरकार लोक निर्माण मंत्री परवेश साहिब सिंह, मनजिंदर सिंह सिरसा, कपिल मिश्रा, रविन्द्र इंद्राज, नई दिल्ली लोकसभा क्षेत्र की सांसद सुश्री बांसुरी स्वराज, विधायक राजकुमार भाटिया ने किया। इस मौके पर विधायक हरीश खुराना की माताजी श्रीमती राज मदन लाल खुराना, विशेष रूप से इस गौरवशाली क्षण के साक्षी बने। क्षेत्रीय विधायक हरीश खुराना इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्रीमती रेखा गुप्ता ने वीडियो कॉल के माध्यम से समस्त क्षेत्रवासियों को शुभकामनाएँ प्रेषित की और खुराना जी के कार्यों को याद किया।



(रायपुर) डी.जी.पी. और आई.जी.पी. का राष्ट्रीय स्तर के सम्मेलन के आयोजन के संबंध में मुख्य सचिव विकासशील ने मंत्रालय (महादनी भवन) में उन्च स्तरीय बैठक ली।

## राजनाथ सिंह का बड़ा बयानः अब भारत से कोई दादागिरी नहीं कर सकता, दुनिया सुनती है हमारी बात

नई दिल्ली (ए.)। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह आज अपने संसदीय क्षेत्र लखलऊ में है। राजनाथ सिंह ने वहां एक बड़ा बयान दिया है। राजनाथ सिंह ने दम भरते हुए कहा कि आज, जब भारत अंतरराष्ट्रीय मंचों पर बोलता है, तो दुनिया ध्यान से सुनती है कि भारत क्या कह रहा है। अब भारत के साथ कोई दादागिरी नहीं कर सकता और मुझे लगता है कि दुनिया का कोई भी देश ऐसी गलतफहमी नहीं पालेगा। इससे पहले राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को घोषणा की कि भारत का रक्षा निर्यात रिकॉर्ड 25,000 करोड़ रुपये के स्तर को छू गया है, जो कुछ साल पहले के 1,000 करोड़ रुपये से एक बड़ी छलांग है। राजनाथ सिंह ने कहा कि सरकार ने अब 2029 तक घरेलू रक्षा विनिर्माण में 3 लाख करोड़ रुपये और रक्षा निर्यात में 50,000 करोड़ रुपये हासिल करने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य रखा है। X पर साझा की गई एक



पोस्ट में, RMO इंडिया ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के हवाले से कहा कि हमारा रक्षा निर्यात, जो पहले 1,000 करोड़ रुपये से कम हुआ करता था, अब रिकॉर्ड 25,000 करोड़ रुपये तक पहुँच गया है। हमने अब 2029 तक घरेलू रक्षा विनिर्माण में 3 लाख करोड़ रुपये और रक्षा निर्यात में 50,000 करोड़ रुपये हासिल करने का लक्ष्य रखा है।

## महिला विश्व कप में आज पाकिस्तान को हराकर सेमीफाइनल के लिए संभावनाएं बनाये रखने उतरेगी न्यूजीलैंड

कोलंबो (ए)। महिला विश्वकप क्रिकेट में शनिवार को पाकिस्तान की टीम का मुकाबला न्यूजीलैंड से होगा। पाक टीम पहले ही सेमीफाइनल की दौड़ से बाहर हो गयी है। ऐसे में उसका लक्ष्य इस मैच में बेहतर प्रदर्शन कर जीत के साथ वापस जाना रहेगा। पाक टीम अभी तक विश्वकप में एक भी मैच नहीं जीती है।




वह चार मैच में तीन हार और एक मैच रद्द होन से वह अंक तालिका में सबसे नीचे है। वहीं न्यूजीलैंड तीन मैच में तीन अंक के साथ शीर्ष चार से बाहर है। वहीं ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ लगातार दो मैच हारने के बाद न्यूजीलैंड टीम ने बांग्लादेश के खिलाफ जीत के साथ वापसी की है। हालांकि श्रीलंका के खिलाफ मैच बारिश के कारण रद्द होने से उसे नुकसान हुआ था। भारत और इंग्लैंड के खिलाफ 23 और 26 अक्टूबर को होने वाले कड़े मुकाबलों को देखते हुए न्यूजीलैंड की टीम इस मैच को जीतकर सेमीफाइनल के लिए अपनी संभावनाएं बनाये रखना चाहेगी।

उसके पाकिस्तान के गेंदबाजी आक्रमण से सावधान रहना होगा। पाक को पाकिस्तान को न्यूजीलैंड के अनुभवी बल्लेबाजी क्रम को रोकने के लिए गेंदबाजी में एक और ऑलराउंड की जरुरत रहेगी। न्यूजीलैंड की ओर से अबतक कप्तान सोफी डिवाइन ने बल्ले से शानदार प्रदर्शन किया है।

## टी-20 वर्ल्ड कप 2026 के लिए 20 टीमों के नाम हुए तय



नई दिल्ली (आरएनएस)। टी20 वर्ल्ड कप का अगला संस्करण साल 2026 की शुरुआत भारत और श्रीलंका की संयुक्त मेजबानी में खेला जाएगा। इस मेगा टूर्नामेंट में कुल 20 टीमें हिस्सा लेंगी, जिसमें कुछ के नाम टी20 वर्ल्ड कप 2024 से तय हो गए थे, वहीं बाकी क्वालीफायर राउंड के जरिए अपनी जगह बना रही थी।

वहीं ईस्ट-एशिया पेसेफिक क्वालीफायर 2025 से तीन टीमों के नाम तय होने थे, जिसमें 15 अक्टूबर को नेपाल और ओमान ने जहां अपनी जगह पक्की कर ली थी, जिसके बाद कुल 19 टीमों के नाम तय हो गए थे तो वहीं अब यूएई ने भी मेगा टूर्नामेंट के लिए अपनी जगह बना ली है, जिसके साथ ही टी20 वर्ल्ड कप 2026 में हिस्सा लेने वाली सभी 20 टीमों के नाम तय हो चुके हैं।ईस्ट-एशिया पेसेफिक क्वालीफायर 2025 में 16 अक्टूबर को सुपर सिक्स में यूएई और जापान की टीम के बीच में अल-अमरात क्रिकेट ग्राउंड में मुकाबला खेला गया। इस मैच में यूएई की टीम ने टॉस जीतने के बाद पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया था, जिसके बाद उन्होंने जापान की टीम को 20 ओवर्स में 116 रनों के स्कोर पर ही रोक दिया। यूएई की तरफ से टारगेट का पीछा करते हुए अलिशान शर्फू और कप्तान मुहम्मद वसीम ने शानदार शुरुआत की जिसमें दोनों के बीच पहले विकेट के लिए 70 रनों की साझेदारी देखने को मिली। इसके दम पर यूएई की टीम ने जहां टारगेट को 12.1 ओवर्स में 2 विकेट के नुकसान पर हासिल कर लिया तो वहीं उन्होंने टी20 वर्ल्ड कप 2026 के लिए भी अपनी जगह पक्की कर ली।

**यहां पर देखिए टी20 वर्ल्ड कप 2026 के लिए सभी 20 टीमें**

भारत , श्रीलंका , ऑस्ट्रेलिया
इंग्लैंड, साउथ अफ्रीका, अफगानिस्तान
बांग्लादेश,यूएसए , वेस्टइंडीज, आयरलैंड
न्यूजीलैंड, पाकिस्तान, कनाडा
इटली, नीदरलैंड्स, नामीबिया
जिम्बाब्वे, नेपाल, ओमान, यूएई

## मंधाना से रहना होगा सतर्क : हीथर नाइट

इंदौर (ए)। महिला विश्व कप क्रिकेट में रविवार को भारत और इंग्लैंड के बीच मुकाबला होगा। इसमें इंग्लैंड की टीम का लक्ष्य भारतीय टीम की अनुभवी बल्लेबाज स्मृति मंधाना पर अंकुश लगाना रहेगा। मंधाना इससे पहले ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हुए मुकाबले में 80 रन की शानदार पारी खेली थी। मंधाना को लेकर इंग्लैंड की हीथर नाइट ने कहा, वह शांत, आत्मविश्वासी और बेहद खतरनाक खिलाड़ी हैं। उसपर अंकुश लगाना आसान नहीं रहता। नाइट ने इसके साथ ही कहा कि भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर से भी हमें सावधान रहना होगा। उन्होंने कहा कि हरमनप्रीत कुशल कप्तान हैं ओर अपनी टीम को जुनून से भर देती हैं।

## किंग कोहली ने फिर जीता दिल, ऑस्ट्रेलिया दौरे पर जाने से पहले नन्हे फैन को दिया जिंदगी भर का तोहफा

नई दिल्ली , (आरएनएस)। भारत के दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली सिर्फ अपने खेल से ही नहीं, बल्कि अपने व्यवहार से भी करोड़ों दिलों पर राज करते हैं। ऑस्ट्रेलिया दौरे पर रवाना होने से ठीक पहले दिल्ली एयरपोर्ट पर उन्होंने कुछ ऐसा किया, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है और फैंस उनकी जमकर तारीफ कर रहे हैं।

बुधवार को शुभमन गिल की अगुवाई में भारतीय वनडे टीम का पहला जत्था ऑस्ट्रेलिया के लिए रवाना हुआ। टीम इंडिया को वहां 19 अक्टूबर से तीन मैचों की वनडे सीरीज खेलनी है। दिल्ली एयरपोर्ट पर जब टीम की बस रवाना हो रही थी, तभी बस में बैठे 36 वर्षीय विराट कोहली की नजर भीड़ में खड़े एक नन्हे फैन पर पड़ी, जिसने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (RCB) की जर्सी पहन रखी थी और हाथ में 'कोहली' का पोस्टर लिए हुए था।

कोहली ने तुरंत बस के बाहर मौजूद एक सुरक्षाकर्मी को इशारा किया और उस बच्चे से पोस्टर लाने को कहा। उन्होंने पोस्टर पर अपना ऑटोग्राफ दिया और उसे वापस उस बच्चे को लौटा दिया। अपने हीरो से यह अनमोल तोहफा पाकर बच्चे की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। इसके बाद उसने बस के सामने खड़े होकर तस्वीर भी खिंचवाई।

यह प्यारा वीडियो जैसे ही सोशल मीडिया पर आया, वायरल हो गया। फैंस कोहली के इस विनम्र स्वभाव की खूब सराहना कर रहे हैं। एक यूजर ने कमेंट किया, इतने रिकॉर्ड, शोहरत और बुलंदी पर होने के बावजूद कोहली कभी उन लोगों को नहीं भूलते, जिन्होंने उन्हें बनाया है। यही चीज एक दिग्गज को स्टार से अलग करती है। एक अन्य यूजर ने लिखा, उन्हें यूं ही 'किंग कोहली' नहीं कहा जाता। यह दिखाता है कि वह अपने फैंस का कितना सम्मान करते हैं।

गौरतलब है कि विराट कोहली लगभग सात महीने बाद भारतीय टीम की जर्सी में नजर आएंगे। वह आखिरी बार मार्च में चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में खेले थे। टेस्ट और टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले चुके कोहली, आईपीएल 2025 के बाद अपनी पत्नी अनुष्का शर्मा और बच्चों के साथ इंग्लैंड में बस गए हैं। वह करीब चार महीने बाद मंगलवार को ही भारत लौटे हैं और ऑस्ट्रेलिया दौरे से पहले उन्होंने बीसीसीआई का अनिवार्य फिटनेस टेस्ट भी पास कर लिया है।

# सुल्तान ऑफ जोहोर कप 2025 के फाइनल में पहुंचा भारत, मलेशिया को 2-1 से हराया




**– गुरजोत सिंह (22') ने पहला गोल किया, जबकि सौरभ आनंद कुशवाहा (48') ने विजयी गोल दागा**

जोहोर (मलेशिया), (आरएनएस)। भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सुल्तान ऑफ जोहोर कप 2025 के पूल चरण के आखिरी मुकाबले में मेज़बान मलेशिया को 2-1 से हराकर फाइनल में जगह बना ली। अब खिताबी मुकाबले में भारत का सामना ऑस्ट्रेलिया से होगा। भारत की ओर से गुरजोत सिंह ने 22वें मिनट में पहला गोल किया, जबकि सौरभ आनंद कुशवाहा ने 48वें मिनट में निर्णायक गोल दागा। मलेशिया की ओर से एकमात्र गोल नावीनिश पनिकर ने 43वें मिनट में किया।फाइनल में जगह पक्की करने के लक्ष्य के साथ उतरी भारतीय टीम ने शुरू से ही आक्रामक रुख अपनाया। भारतीय फॉरवर्ड खिलाड़ियों ने तेज़ी से हमले बोले और मलेशिया की रक्षापंक्ति पर दबाव बनाया। हालांकि पहले क्वार्टर में दोनों टीमों के बीच जोरदार मुकाबला हुआ, लेकिन कोई भी टीम गोल नहीं कर सकी और स्कोर 0-0 रहा।

दूसरे क्वार्टर में भारत ने मलेशिया को बैकफुट पर धकेल दिया। 22वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर से मिली रीबाउंड पर गुरजोत सिंह ने शानदार गोल करते हुए भारत को 1-0 की बढ़त दिलाई। हाफ टाइम तक भारत ने इस बढ़त को बनाए रखा।तीसरे क्वार्टर में मलेशिया ने वापसी की कोशिशें तेज कीं और 43वें मिनट में नावीनिश पनिकर ने गोल कर स्कोर 1-1 कर दिया। अंतिम क्वार्टर में मुकाबला रोमांचक हो गया। 48वें मिनट में सौरभ आनंद कुशवाहा ने नजदीक से गोल करते हुए भारत को 2-1 की बढ़त दिलाई। इसके बाद मलेशिया ने बराबरी के लिए जोरदार हमले किए, लेकिन भारतीय रक्षा पंक्ति ने शानदार प्रदर्शन करते हुए बढ़त को बरकरार रखा और जीत पक्की की।अब भारत का फाइनल मुकाबला 18 अक्टूबर को शाम 6:05 बजे (भारतीय समयानुसार) ऑस्ट्रेलिया से होगा।

## शुभमन ने अभी कप्तान का सबसे कठिन दौर नहीं देखा : गंभीर

नई दिल्ली (ए)। भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने कहा है कि कप्तान के तौर पर शुभमन गिल दबाब का सामना करना सीख रहे हैं। अभी तक शुभमन ने मुश्किल हालातों का अच्छी तरह से सामना किया है पर अभी तक उन्होंने कप्तानी का सबसे कठिन दौर नहीं देखा है। गंभीर ने कहा, गिल ने अभी तक कुछ ही टेस्ट मैचों में कप्तानी की है। उनमें दबाव और मुश्किल हालातों का सामना करने की क्षमता है। वह अपनी योग्यता के अनुसार काफी अच्छा कर रहे हैं।, अभी तक कप्तानी के सबसे खराब दिनों का सामना उन्होंने नहीं किया है पर जब ऐसे दिन आयेंगे और चीजें उनके हिसाब से नहीं होंगी तो देखनो होगा कि वह हालात से कैसे निबटते हैं। उस समय मैं उनका बोझ कम करने और उनका साथ देने के लिए हमेशा उनका साथ दूंगा पर उन्हें अपना काम सही तरीके से करना होगा। अब तक, वह पारदर्शी, स्पष्टवादी, मेहनती और सही तरीके से काम करेंगे मैं उनका साथ दूंगा।

## कॉमनवेल्थ गेम्स 2030 की मेजबानी भारत के नाम, इस शहर में जुटेंगे दुनिया भर के एथलीट

नई दिल्ली ,, (आरएनएस)। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के अध्यक्ष जय शाह ने गुरुवार को 2030 राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी के लिए भारत की सिफारिश पर बधाई दी और इसे भारतीय खेलों के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर बताया। राष्ट्रमंडल खेल के कार्यकारी बोर्ड ने बुधवार को पुष्टि की कि वह 2030 शताब्दी राष्ट्रमंडल खेलों के लिए अहमदाबाद शहर के नाम की सिफारिश मेजबान शहर के रूप में करेगी।

जय शाह ने एक्स पर लिखा, कॉमनवेल्थ एसोसिएशन द्वारा अहमदाबाद में 2030 राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी के लिए भारत की बोली को मंजूरी देने पर भारत को बहुत-बहुत बधाई। यह भारतीय खेलों के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है और देश की बढ़ती वैश्विक उपस्थिति का प्रमाण है।

अहमदाबाद की सिफारिश कॉमनवेल्थ खेल मूल्यांकन समिति की देखरेख में की गई एक विस्तृत प्रक्रिया का अनुसरण करती है, जिसने तकनीकी वितरण, एथलीट अनुभव, बुनियादी ढांचे, शासन और कॉमनवेल्थ खेल मूल्यों के साथ संरेखण सहित कई मानदंडों के आधार पर उम्मीदवार शहरों का मूल्यांकन किया। कॉमनवेल्थ खेल के 'गेम्स रीसेट' सिद्धांतों द्वारा तैयार, जो संभावित मेजबानों को नवीनता लाने और सहयोगात्मक रूप से काम करने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए डिजाइन किए गए हैं। भारत (अहमदाबाद) और नाइजीरिया (अबुजा) दोनों ने आकर्षक प्रस्ताव प्रस्तुत किए जो कॉमनवेल्थ खेल आंदोलन की महत्वाकांक्षा और क्षमता को दर्शाते हैं। यह सिफारिश कॉमनवेल्थ खेल आंदोलन के लिए एक ऐतिहासिक क्षण का प्रतिनिधित्व करती है।

# खेल समाचार

## दक्षिण कोरिया के पूर्व राष्ट्रपति यून दूसरे मार्शल लॉ ट्रायल से फिर अनुपस्थित

सोल (आरएनएस)। दक्षिण कोरिया के पूर्व राष्ट्रपति यून सूक-येओल शुक्रवार को मार्शल लॉ से जुड़े आरोपों के मामले में चल रहे अपने दूसरे मुकदमे में फिर से पेश नहीं हुए।



सियोल सेंट्रल जिला अदालत में सुनवाई उनकी गैरमौजूदगी में हुई। यह दूसरी बार था जब वे मुकदमे की कार्यवाही में शामिल नहीं हुए। हालांकि, पिछले महीने उन्होंने पहली सुनवाई में हिस्सा लिया था, जो कानून के अनुसार जरूरी था।

जनवरी में, विशेष वकील चो यून-सुक की टीम ने यून पर आरोप लगाया था कि उन्होंने कैबिनेट सदस्यों के अधिकारों का उल्लंघन किया, मार्शल लॉ की घोषणा में बदलाव किया और जांचकर्ताओं द्वारा की जा रही जांच में बाधा डाली थी।

पीठ ने कहा कि यून ने अपनी हाल की गैरहाजिरी का कारण स्वास्थ्य बताया, लेकिन यह भी पाया गया कि उन्होंने बिना किसी ठोस वजह के आने से मना किया।

योनहाप समाचार एजेंसी के मुताबिक, अदालत ने कहा कि यून की गैरमौजूदगी के बावजूद मुकदमा चलेगा, क्योंकि जिस हिरासत केंद्र में वह है, वहां से उसे जबरन लाना आसान नहीं है।

यून पर 3 दिसंबर को मार्शल लॉ लागू कर विद्रोह की साजिश में शामिल होने का भी मुकदमा चल रहा है। जुलाई में दूसरी बार गिरफ्तारी के बाद उन्होंने तब से स्वास्थ्य कारणों का हवाला देकर उस मुकदमे की सुनवाई में हिस्सा नहीं लिया है। 15 अक्टूबर को यून सूक येओल खुद ही विशेष जांच टीम के सामने पेश हुए। इससे पहले कि जांचकर्ता उन्हें जबरन लाने के लिए वारंट जारी करते। सहायक विशेष वकील पार्क जी-यंग ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि जेल में बंद पूर्व राष्ट्रपति विशेष वकील चो यून-सुक के ऑफिस में थे, जहां उनसे मार्शल लॉ लागू करने में असफलता से जुड़े आरोपों के बारे में सवाल किए गए।

## अफगानिस्तान के सामने भी झुक गया पाकिस्तान, अब शहबाज शरीफ बोले- हम बातचीत को तैयार

इस्लामाबाद (आरएनएस)। पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच हाल ही में हुई हिंसक झड़प के बाद दोनों देशों के बीच तनाव बरकरार है। हालांकि, फिलहाल सीमा पर 48 घंटे का अस्थायी युद्धविराम लागू है। इस बीच पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने कहा है कि उनका देश बातचीत के लिए तैयार है, लेकिन अफगानिस्तान को पाकिस्तान की उचित शर्तें पूरी करनी होंगी।शहबाज शरीफ ने गुरुवार को केंद्रीय कैबिनेट को संबोधित करते हुए कहा कि अगर अफगानिस्तान हालिया सीमा पार शत्रुता के बाद पाकिस्तान की शर्तों को मानता है, तो बातचीत का रास्ता खुला है। उन्होंने कहा, हमने 48 घंटे के अस्थायी युद्धविराम का फैसला किया है। अब गेंद उनके पाले में है। अगर वे बातचीत के जरिए हमारी उचित शर्तों को पूरा करना चाहते हैं, तो हम तैयार हैं। पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच घातक झड़पों के बाद हालात गंभीर हो गए थे, लेकिन बुधवार को दोनों देशों ने तालिबान के आग्रह पर 48 घंटे के युद्धविराम पर सहमति जताई। यह सीजफायर 15 अक्टूबर की शाम 6 बजे से प्रभावी हुआ है।स्थायी समाधान की उम्मीद जताईडॉन की रिपोर्ट के अनुसार, शहबाज शरीफ ने कहा कि अगर अफगान पक्ष ईमानदार और गंभीर है, तो वह बातचीत की पहल करेगा।

## ब्रीक्स बैंक में एंट्री पाने को बेताब पाकिस्तान, चीन से लगाई गुहार, बदले में चीनी कंपनियों को दिया यह बड़ा ऑफर

इस्लामाबाद (आरएनएस)। अपनी खस्ताहाल अर्थव्यवस्था के लिए दुनिया भर में मदद की गुहार लगाने वाला पाकिस्तान अब क्क्छ्ष्टस् देशों के 'न्यू डेवलपमेंट बैंक' (NDB) में शामिल होने के लिए बेताब है। अपनी इस कोशिश के लिए पाकिस्तान ने अपने 'सदाबहार दोस्त' चीन का दरवाजा खटखटाया है। इसके एवज में पाकिस्तान ने चीनी कंपनियों को अपने देश में निवेश के लिए और ज्यादा मौके उपलब्ध कराने का बड़ा ऑफर भी दिया है।शुक्रवार को जारी एक आधिकारिक बयान के मुताबिक, पाकिस्तान के वित्त मंत्री मोहम्मद औरंगजेब ने वॉशिंगटन में चीन के वित्त मंत्री लियाओ मिन से मुलाकात की। इस बैठक का मुख्य एजेंडा एनडीबी की सदस्यता ही था। औरंगजेब ने चीन से आग्रह किया कि वह पाकिस्तान को एनडीबी की सदस्यता दिलाने में उसकी पुरजोर मदद करे। उन्होंने बदले में पाकिस्तान में तकनीक, कृषि, उद्योग और खनिज क्षेत्रों में चीनी निवेश को और बढ़ावा देने का वादा किया।गौरतलब है कि न्यू डेवलपमेंट बैंक (NDB) की स्थापना ब्रिक्स देशों (ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका) ने मिलकर की थी। इसका मुख्य उद्देश्य बुनियादी ढांचे और सतत विकास से जुड़ी परियोजनाओं के लिए फंडिंग उपलब्ध कराना है।

# ट्रंप ने हमास को चेताया कहा- अब कोई विकल्प नहीं, हम भीतर घुसकर मारेंगे?

वाशिंगटन(ए)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हमास को चेतावनी दी है कि अगर गाजा में लोगों की हत्या करना जारी रखा तो हमारे पास सिवाय भीतर घुसकर मारने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचेगा। ट्रंप के इस मैसेज ने मिडिल इस्ट में एक बार फिर आग भड़का दी है। ऐसी संभावनाएं जताई जाने लगी हैं कि अमेरिकी सेना कहीं हमास पर अटैक न कर दे। उधर इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने चेतावनी दी कि मारे गए बंधकों के शव नहीं मिले तो हम तबाही मचा देंगे। इजरायल पूरी ताकत के साथ हमास से बात करेगा। हमास की सैन्य शाखा ने आधिकारिक तौर पर कहा है कि शेष शवों की तलाश जारी है और इसके लिए बड़े प्रयास और विशेष तकनीकी उपकरणों की आवश्यकता होगी। वहीं इस देरी के चलते इजरायली जनता में हमास के प्रति गुस्सा तेज हुआ है और कुछ आवाजें यह कह रही हैं कि हमास



ने पिछले सप्ताह के सीजफायर समझौते के तहत अपनी जिम्मेदारियों का पालन नहीं किया। हालांकि संयुक्त राज्य की प्रशासनिक वक्तियों ने इस बात को बहुत अधिक तौर पर समझौते का उल्लंघन बताने से हतोत्साहित किया है। ट्रंप के ट्वीट ने मिडल ईस्ट में जंग को नया मोड़ दे दिया है। कूटनीतिक मामलों के जानकारों का मानना है कि ट्रंप का यह मैसेज सिर्फ हमास के लिए नहीं है बल्कि रूस, ईरान और अन्य क्षेत्रीय खिलाड़ियों के लिए भी है। दूसरी ओर, नेतन्याहू का पूरी ताकत वाला संदेश इजरायल की सैन्य नीति और आक्रामकता के प्रति उसकी प्रतिबद्धता को दोहराता है। हालांकि, लोगों का अभी भी मानना है कि अमेरिकी आर्मी ऑपरेशन को आखिरी विकल्प मानेगा। उससे पहले मुद्दों को सुलझाने की कोशिश करेगा। बता दें कि पिछले कुछ दिनों में हमास ने कुछ बंधकों के शव वापस किए हैं, जिनमें से दो की पुष्टि इनबार हैइमैन और सार्जेंट मेजर मुहम्मद अल-अतारश के तौर पर हुई। इन हालिया सौंपियों के बाद सोमवार से अब तक मृत बंधकों की वापसी की संख्या नौ बताई गई है, जबकि अभी भी कई शव गाजा में बने हुए हैं। इस बीच वह 20 जीवित बंधक जिन्हें सोमवार को रिहा किया गया था, उनके बदले इजराइल ने 250 फिलिस्तीनी कैदियों और 1,718 गाजा कैदियों को रिहा कर दिया था।

# पाकिस्तानी सेना की छावनी में घुसी बमों से लदी गाड़ी, 7 सैनिकों की मौत



इस्लामाबाद (आरएनएस)। पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के उत्तरी वजीरिस्तान में शुक्रवार को हुए आत्मघाती हमले ने देश की सुरक्षा व्यवस्था की पोल खोल दी है। मीर अली क्षेत्र में हुए इस आतंकी हमले में पाकिस्तानी सेना के 7 जवान मारे गए हैं। यह इलाका अफगानिस्तान की सीमा से सटा हुआ है और लंबे समय से आतंकी गतिविधियों का केंद्र रहा है।

विस्फोटकों से लदी गाड़ी ने उड़ाया मिलिट्री कैंप रिपोर्ट्स के मुताबिक, तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (TTP) से जुड़े आत्मघाती हमलावर ने विस्फोटकों से लदी गाड़ी से सेना के कैंप को निशाना बनाया। हमलावर ने वाहन को कैंप में घुसाने की कोशिश की, लेकिन दीवार से टकराने पर जबरदस्त धमाका हो गया। विस्फोट इतना भीषण था कि आसपास के इलाकों में भी झटके महसूस किए गए। हमले के कुछ ही देर बाद सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने लगे, जिनमें पाकिस्तानी सेना की छावनी से उठता हुआ धुएं का गुबार साफ दिखाई दे रहा है। सेना ने पूरे इलाके को घेर लिया है और सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया गया है।


**अफगान सीमा पर तनाव, पाकिस्तान में मचा हड़कंप**

यह हमला ऐसे समय हुआ है जब पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच तनाव चरम पर है। हाल के हफ्तों में दोनों देशों की सीमाओं पर गोलीबारी और ड्रोन हमलों की घटनाएं बढ़ी हैं। पाकिस्तानी मीडिया के अनुसार, अफगान हमलों में कई दर्जन पाक सैनिकों की मौत हो चुकी है। वहीं, पाकिस्तान का दावा है कि उसने भी काबुल और कंधार जैसे शहरों में आतंकी ठिकानों पर निशाना साधा है।

हालांकि बुधवार शाम से दोनों देशों के बीच सीजफायर लागू है, लेकिन हालात सामान्य नहीं हुए हैं। अफगानिस्तान ने कहा है कि उसने पाकिस्तान की कार्रवाई का करारा जवाब दिया है, लेकिन सऊदी अरब और कतर जैसे इस्लामिक देशों की मध्यस्थता के बाद संघर्षविराम को स्वीकार किया है।

## फिलीपींस में कांपी धरती, 6.1 की तीव्रता के भूकंप झटके लगते ही मची भगदड़

मिंडानाओ (ए.)। फिलीपींस के मिंडानाओ में तड़के 6.1 की तीव्रता से आए भूकंप से लोग काफी डर गए हैं। यहां जैसे ही झटके लगे लोगों ने घर से भागना शुरु कर दिया। इस भगदड़ में कई लोग गिर पड़े और जान बचाकर घर से बाहर निकल आए। डर का आलम ऐसा था कि चीख-पुकार मच गई।



जर्मन भूविज्ञान अनुसंधान केंद्र ने बताया कि शुक्रवार को फिलीपींस के मिंडानाओ में 6.1 तीव्रता का भूकंप आया। एक सप्ताह पहले ही फिलीपींस में भीषण भूकंप आया था। उस भूकंप में सात लोगों की मौत हो गई थी। भूकंप की जानकारी देने वाली एजेंसी के अनुसार, यह भूकंप शुक्रवार सुबह 7:03 बजे (भारतीय समयानुसार 4:33 बजे) आया। अभी तक किसी के घायल होने या किसी बड़े नुकसान की तत्काल कोई सूचना नहीं है। स्थानीय आपदा प्रबंधन अधिकारियों ने कहा कि वे प्रभाव का आकलन कर रहे हैं और संभावित झटकों की निगरानी कर रहे हैं। इससे पहले 10 अक्टूबर को साउथ फिलीपीन के पास एक ही क्षेत्र में कुछ घंटों के अंतराल पर दो शक्तिशाली भूकंप के झटके आए थे। भूकंप का पहला झटका सुबह में महसूस किया गया, जिसकी तीव्रता 7.4 मापी गई। इसमें कम से कम सात लोगों की मौत हो गई।

# मुख्यमंत्री सीहोर जिले के दो लाख से अधिक किसानों के खाते में फसल क्षति राहत राशि 118 करोड़ रूपये सिंगल क्लिक से अंतरित करेंगे

## मुख्यमंत्री लगभग 70 करोड़ रूपये के विकास एवं निर्माण कार्यों की देंगे सौगात
## राजस्व मंत्री एवं कलेक्टर ने कार्यक्रम की तैयारियों का लिया जायजा



सीहोर (निप्र)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 18 अक्टूबर को अपरान्ह में सीहोर जिले के बिलकिसगंज में आयोजित कार्यक्रम में पीला मोजेक, कीट व्याधि एवं अतिवृष्टि से हुई सोयाबीन फसल क्षति से प्रभावित किसानों के खाते में राहत राशि अंतरित करेंगे । मुख्यमंत्री डॉ. यादव सीहोर जिले के 205977 किसानों के खाते में 118 करोड़ 41 लाख रूपये की राहत राशि अंतरित करेंगे । इसके साथ ही मुख्यमंत्री डॉ. यादव जिले के 69 करोड़ 38 लाख रूपये लागत के निर्माण एवं विकास कार्यों का भूमिपूजन तथा लोकार्पण भी करेंगे मुख्यमंत्री डॉ यादव सीहोर जिले की आठ तहसीलों में पीला मोजेक एवं कीट व्याधि से प्रभावित 1,87,140 किसानों को 101 करोड़ 70 लाख 90 हजार 999 रूपये अंतरित करेंगें । इसी प्रकार अतिवृष्टि से प्रभावित 02 तहसीलो के 18, 837 सोयाबीन उत्पादक किसानों के खाते में राशि 16 करोड़ 70 लाख 36 हजार 9425 रूपये की राहत राशि अंतरित करेंगे । भैरूंदा एवं बुधनी के किसानों की फसल अतिवृष्टि से तथा आष्टा, जावर, रेहटी, इछावर, श्यामपुर, दोराहा, सीहोर ग्रामीण तथा सीहोर नगर के किसानां की फसल पीला मोजक एवं कीट व्याधी से फसलें खराब हुई थी ।

राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा, कलेक्टर बालागुरू के. तथा जिला पंचायत सीईओ श्रीमती सर्जना यादव ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया तथा इस आयोजन के लिये चल रही तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने बेहतर व्यवस्थाओं के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये।

### लोकार्पण एवं भूमिपूजन

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव सीहोर जिले के 69 करोड़ 38 लाख हजार रूपये लागत के अनेंक निर्माण एवं विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन करेंगे । इसमें 51 करोड़ 24 लाख 26 हजार रूपये की लागत के 09 निर्माण एवं विकास कार्यों का लोकार्पण करेंगे तथा 18 करोड़ 14 लाख 40 हजार रूपये के 14 कार्यों का भूमिपजून करेंगे।

### कार्यक्रम स्थल पर विभिन्न विभागों की प्रदर्शनी

कार्यक्रम में आने वाले नागरिकों को विभागीय गतिविधियों और हितग्राही मूलक योजनाओं की जानकारी प्रदान करने के लिये अनेक विभागों की प्रदर्शनी लगाई जाएगी। इनमें कृषि, महिला एवं बाल विकास, सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण, एनआरएलएम, जनजातीय कार्य विभाग सहित अनेक विभागों द्वारा प्रदर्शनी लगायी जायेगी। इसके साथ ही स्वास्थ्य परीक्षण शिविर भी लगाया जायेगा।

# इंदौर में भी कर रहे है सीहोर के अथर्व फाउंडेशन वाले सेवा




## ग़रीब निर्धन परिवारों को कपड़े फटाके व अन्य जरूरी सामग्री का किया वितरण

सीहोर (निप्र)। सीहोर अथर्व फाउंडेशन हमेशा से अपनी एक अलग पहचान समाज सेवा के रूप में बना रहे है अथर्व फाउंडेशन के सुनील राय हमेशा से ये प्रयास करते है की कोई भी इंसान दुखी ना रहे या किसी भी कारण से परेशान ना हो इसीलिए वह जब भी अपने व्यस्ततम दिनचर्या से फ्री होते है तो सीधे अपने सहयोगियों के साथ भ्रमण पर निकल जाते है और जहाँ उन्हें कोई ग़रीब बेसहारा इंसान नजर आता है तो तुरंत उसके पास जाकर उसका कारण पूछते है और उसकी जानकारी लेकर उसकी मदद करते है और इसके साथ ही साथ जिस किसी भी जरूरतमंद को उन्हें लगता है उसकी सहायता वो निरंतर करते आ रहे है गो सेवा करना इनकी प्रथम प्राथमिकता है जहाँ कहीं भी गोवंश इन्हें नजर आते है ये इनकी टीम के साथ उसे गो चारा खिलाकर रेडियम पहना देते है जिस से गौमाता की भी रक्षा होती है और मनुष्य का एक्सीडेंट होने के चांसेस भी कम हो जाते है । ऐसे ही अथर्व फाउंडेशन की टीम ने दीपावली के शुभ अवसर पर इंदौर में निर्धन परिवारों को वस्त्र ,फटाके,दीपक मोमबत्ती सहित अन्य सामग्री वितरित की उन्हें ये नहीं लगा की सेवा सिर्फ सीहोर में ही करना है उनका कहना यह है जहाँ जरुरतमंद दिखे उसकी सेवा करो मन को अलग ही सुकून मिलेगा इसी को देखते हुए उन्होंने इंदौर में सेवा कार्य कर एक नई मिसाल पेश की है इससे बेसहारा जरूरतमंद लोगो की दीपावली अच्छे से मन जाएगी । अथर्व फाउंडेशन के द्वारा कई अन्य भी सेवा कार्य सीहोर में किए जा रहे है जिससे बेसहारा लोगों की समस्या का निराकरण हो सके एवं उनको सहारा लग सके । इस अवसर पर सुनील राय, विशाल पाटीदार ,समीर सेन ,निर्मल पवार ,दीपेंद्र जायसवाल ,तुषार सोनी ,अनिमेष गोस्वामी ,अनिल मालवीय आदि उपस्थित रहे ।

# विद्युत मण्डल के कर्मचारी के विरुद्ध जितेन्द्र सिंह ने की शिकायत

सीहोर (निप्र)। नगर के शिवाजी कौलानी निवासी जितेन्द्र सिंह ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंकर एक शिकायती आवेदन दिया जिसमें बताया है कि मेरे घर पर दिनांक 14 मई 2025 को ठेकेदार द्वारा कम्पनी अपर्वा द्वारा स्मार्ट मीटर लगाया गया था एवं उसी दिन दिनांक 14 मई को कम्पनी के कर्मचारी मेरे घर का पुराना मीटर निकालकर अपने साथ ले गये थे। उस दिन हम लोग घर पर नहीं थे गाँव गये थे इसके चार-पांच दिन बाद दिनांक 17 मई 2025 को म.प्र.मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कं. लि. सीहोर शहर-2 के सहायक प्रबन्धक 14 मई को मेरे परिसर से निकाले गये पुराने मीटर को लेकर आते हैं और मीटर मे छेड़छाड़ का प्रकरण बनाते हैं जो कि नियम विरुद्ध है। जितेन्द्र सिंह का अरोप है कि यदि मीटर में छेड़छाड़ थी तो 14 मई को ही प्रकरण पंचनामा बनाया जाना था, जबकि म.प्र. मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कं. के नियमों के अनुसार मुझे इनके विभाग से लिखित में दिया गया है जिसमें स्पष्ट है कि पंचनामा स्थल पर ही बनाया जाता है, लेकिन एक कर्मचारी द्वारा मेरे परिसर से निकाले गये मीटर को चार-पांच दिन अपने पास रखा उसके बाद मीटर को मेरे घर परिसर के पास लगे विद्युत के खम्बे पर लगाकर जप्ती एवं पंचनामा बनाया गया जिससे मेरी छवि धूमिल हुई है एवं आज भी मुझे लोग बिजली चोर कहकर मेरी छवि खराब करते हैं। पिछले चार माह से में बहुत परेशान हुआ हूँ एवं मेरे द्वारा चार माह से पंचनामे की प्रति एवं अन्य दस्तावेज मांगे जाने पर मुझे सिर्फ तरह-तरह से गुमराह कर मुझे दस्तावेज उपलब्ध कराने से मना कर दिया जाता है मेरे द्वारा उच्च अधिकारियों को शिकायत करने पर तथा सीएम हेल्पलाईन पर शिकायत की गई तो मुझे कई बार शिकायत वापिस लेने के लिए धमकाया जा रहा है।

# बहुजन समाज पार्टी के पदाधिकारियों ने छात्रावास में छात्राओं से अभद्रता करने वाले कर्मचारी को हटाने की मांग



सीहोर (निप्र)। बहुजन समाज पार्टी जिला सीहोर के पदाधिकारी अनोखीलाल मालवीय जिला प्रभारी के नेतृत्व में संयुक्त कलेक्टर वंदना राजपूत को ज्ञापन सौपा। जिसमें बाबु जगजीवन राम छात्रावास में रह रही बच्चियों (छात्राओं)के साथ प्रेम नामक कर्मचारी द्वारा अश्लील शब्दों का उपयोग कर किये गये अभद्र व्यवहार की शिकायत प्राप्त हुई थी,जिसमें बाबू जगजीवन राम छात्रावास सीहोर में रह रही बच्चियों की ओर से एक आवेदन जिलाधीश के नाम डीओ आदिमजाति को दिया था, लेकिन विभाग समझाइश में लगा हुआ है। उक्त कर्मचारी का कृत्य क्षमा योग्य नहीं है। उसके बोलें शब्द जो छात्राओं के लिए बहुत ही अपमानजनक और असहनीय है। छात्रावास अधीक्षिका भी महिला है छात्राओं ने अधिक्षिका से भी शिकायत की परन्तु वह भी छात्राओं की बात को गंभीरता से नहीं लेती है। छात्राओं ने बताया कि अधिक्षिका 8-9 बजे ही लाइट बंद करवा देती हैं बच्ची अपनी पढ़ाई कैसे करें। उक्त कर्मचारी को अधिक्षिका का संरक्षण प्राप्त है।

बसपा पदाधिकारियों ने मांग की है कि इस मामले की जांच की जाये और उस कर्मचारी एवं अधिक्षिका को तुरंत हटाने की कार्यवाही करें। छात्रावास में छात्राओं को एक सुरक्षित और सम्मानजनक वातावरण में रहने का अधिकार है और हमें उम्मीद है कि आप श्रेय इस मामले में उचित कार्यवाही करें।

ज्ञापन में प्रमुख रूप से नर्मदा प्रसाद सागर जिला प्रभारी बसपा नरसिंह भारतीय जिला महासचिव बसपा, वीरु जाटव आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

### मुख्यमंत्री दिव्यांग शिक्षा प्रोत्साहन योजना के आवेदन 31 अक्टूबर तक आमंत्रित

सीहोर(निप्र)। दिव्यांग विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करने के लिये मुख्यमंत्री दिव्यांग शिक्षा प्रोत्साहन योजना संचालित की जा रही है। इसमें मध्यप्रदेश के मूलनिवासी दिव्यांगजन, जिनमें अस्थिबाधित द्वारा गत परीक्षा में 60 प्रतिशत अंक तथा अन्य श्रेणी में 50 प्रतिशत अंक प्राप्त किए है उनसे वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिये ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किये गये है। विद्यार्थी अपना आवेदन 31 अक्टूबर तक स्पर्श पोर्टल पर ऑनलाइन जमा कर सकते है।

### कार्यस्थल पर महिलाओं के साथ ना हो भेदभाव, श्रम विभाग ने जारी की एडवाइजरी, टोल फ्री नंबर पर करें शिकायत

सीहोर (निप्र)। श्रम विभाग ने समान पारिश्रमिक अधिनियम 1976 के पालन के लिए एडवाइजरी जारी की है। विभाग की ओर से जारी पत्र में कहा गया है कि समस्त कारखानों, वाणिज्यिक, शासकीय संस्थानों तथा अन्य प्रतिष्ठानों में पुरुष और महिला श्रमिकों को समान कार्य पर समान वेतन देना अनिवार्य है। विभाग ने स्पष्ट किया कि भर्ती प्रक्रिया में भी किसी प्रकार का लैंगिक भेदभाव ना किया जाए। इन नियमों का उल्लंघन होने की स्थिति में संबंधित कर्मचारी या श्रमिक द्वारा जिला श्रम कार्यालय, सीएम हेल्पलाइन पोर्टल, व्हाट्सएप नंबर 07552555582 या टोल फ्री नंबर 18002338888 पर शिकायत दर्ज कराई जा सकती है!

# कलेक्टर ने झंडा दिवस निधि में उदारता पूर्वक योगदान की अपील की

सीहोर (निप्र)। देश की रक्षा करते हुए शहीद हुए, दिव्यांग सैनिकों तथा पूर्व सैनिकों और उनके परिवारों के कल्याण के लिए राज्य सैनिक बोर्ड द्वारा अनेक कार्यक्रम चलाए जाते हैं। कलेक्टर बालागुरू के. ने इस पुनीत कार्य के लिए जिले के सभी अधिकारियों को योगदान स्वरूप धनराशि देने की अपील की है। उन्होंने सभी विभागों के जिला अधिकारियों से कहा कि गत वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष सैनिकों के कल्याण कोष में अधिक धनराशि उदारता पूर्वक जमा करने में अपना योगदान दें। कलेक्टर बालागुरू के. ने कहा कि भारतीय सेना के तीनों अंग देश की रक्षा के लिए सदैव सजग रहते हैं। देश की सीमाओं की रक्षा के साथ-साथ देश की आंतरिक सुरक्षा एवं प्राकृतिक आपदा के समय नागरिकों की सुरक्षा में भी सेना का बहुत बड़ा योगदान है। कर्तव्य-पालन में हमारे अनेक सैनिक वीरगति को प्राप्त हुए हैं। उनके बलिदान एवं योगदान के लिए राष्ट्र उनका कृतज्ञ है। झंडा दिवस पर सशस्त्र सेनाओं के आश्रितों के कल्याण एवं पुनर्वास के लिये झंडा दिवस कोष में उदारतापूर्वक योगदान के जरिए उनके प्रति कृतज्ञता और एकजुटता प्रदर्शित करने का एक उत्तम अवसर है। कलेक्टर ने बताया कि इस राशि का उपयोग शहीद सैनिक की विधवाओं, दिव्यांग हुए सैनिकों एवं अन्य भूतपूर्व सैनिकों के कल्याण के लिये किया जाता है।

# महेश कुमार को श्रमजीवी पत्रकार संघटन का जिला अध्यक्ष मनोनित किये जाने पर जिला प्रेस क्लब के अध्यक्ष राकेश राय ने किया स्वागत



सीहोर (निप्र)। म.प्र.श्रमजीवी पत्रकार संघटन के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश प्रीत (जबलपुर) द्वारा सीहोर के युवा एवं जझारू पत्रकार महेश कुमार को श्रमजीवी पत्रकार संगठन जिला सीहोर मनोनित होने पर सीहोर जिला प्रेस क्लब के अध्यक्ष राकेश राय द्वारा मीठाई खिलाकर पुष्पमालाओं से स्वागत किया गया। इस अवसर पर नवनियुक्त जिलाध्यक्ष महेश कुमार, नरेन्द्र खंगराले, पूर्व सरपंच अजय मालवीय, इंजि.जितेन्द्र सिंह द्वारा पुष्प गुच्छ भेट कर श्री राय का स्वागत कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर श्री राय ने कहा कि श्रमजीवी पत्रकार संगठन पत्रकार साथियों व जनहित की समस्याओं के निराकरण के लिये हर सम्भव जो भी मदद होगी वह प्रदान की जायेगी व कंधे से कंधा मिलकर संगठन का विस्तार किया जावेगा। उपस्थित पत्रकार साथियों द्वारा श्री राय का आभार व्यक्त किया गया।

# दीनदयाल रसोई योजना अंतर्गत माह नवम्बर 2025 खाद्यान्न आवंटन जारी

सीहोर (निप्र)। संचालक खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण द्वारा दिये गये निर्देशानुसार जिले में दीनदयाल रसोई योजना अंतर्गत माह माह नवम्बर 2025 के लिए हितग्राहियों को पका हुआ भोजन प्रदाय करने के लिए गेहूं चावल का आवंटन प्राप्त हुआ है। जिला आपूर्ति अधिकारी ने बताया कि अनुविभाग सीहोर को गेंहूं 12.00 एवं चावल 3.00 क्विंटल, इसी प्रकार आष्टा को गेंहूं 12.00 एवं चावल 3.00 क्विंटल प्रदाय किया गया है जिला आपूर्ति अधिकारी ने जानकारी दी कि रसोई योजना अंतर्गत गेहूं एवं चावल का प्रदाय रुपये 01 रुपये प्रति किलोग्राम की दर से मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पालिका सीहोर को प्रदाय किया जावे। प्रदाय किये जाने वाले गेहूं एवं चावल की गुणवत्ता की जांच उपरांत एफएक्यू गुणवत्ता का हि खाद्यान्न प्रदाय करना सुनिश्चित किया जावे, आवंटन नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा निर्धारण मापदण्ड प्रति व्यक्ति प्रति दिन 160 ग्राम गेहूं एवं 40 ग्राम चावल की मात्रा अनुसार जारी किया गया है।

### लीगल एड डिफेंस काउंसिल साक्षात्कार की तिथियों संशोधन साक्षात्कार एडीआर सेंटर जिला न्यायालय परिसर सीहोर में होगा

सीहोर (निप्र)। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार संशोधित लीगल एड डिफेंस काउंसिल स्कीम-2022 अंतर्गत जिला मुख्यालय सीहोर हेतु संविदा के आधार पर लीगल एड डिफेंस काउंसिल चयन हेतु योग्य पाये गये अभ्यर्थियों के साक्षात्कार हेतु पूर्व निर्धारित तिथियों में परिवर्तन किया गया है। अब असिस्टेंट लीगल एड डिफेंस काउंसिल के साक्षात्कार दिनांक 27 एवं 28 अक्टूबर 2025 (सोमवार एवं मंगलवार) को सांय: 05:00 बजे से, डिप्टी चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल के साक्षात्कार दिनांक 29 अक्टूबर 2025 (बुधवार) को सांय: 05:00 बजे से तथा चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल के साक्षात्कार दिनांक 30 अक्टूबर 2025 (गुरुवार) को सांय: 05:00 बजे से एडीआर सेंटर भवन जिला न्यायालय परिसर सीहोर (म0प्र0) में रखे गये है।

# एजुकेशन वर्ल्ड इंडिया स्कूल रैंकिंग में भोपाल के मॉडल स्कूल को पहला स्थान मिला

## हैट्रिक बनाने वाला मध्यप्रदेश का सरकारी क्षेत्र का पहला स्कूल




भोपाल (निप्र)। भोपाल के मॉडल हायर सेकेंडरी स्कूल, टी.टी. नगर ने एजुकेशन वर्ल्ड संस्था की ओर से जारी सरकारी स्कूलों के रैंकिंग में वर्ष 2025-26 में पहला स्थान प्राप्त किया है। मॉडल स्कूल को यह सम्मान स्टूडियो क्लास, इन्फ्रास्ट्रक्चर और साइकोलॉजी और अन्य विशेषताओं के कारण मिला हैएजुकेशन वर्ल्ड शिक्षकों एवं अभिभावकों के लिए पोर्टल है, जो हर साल विश्व स्तरीय स्कूलों की रैंकिंग जारी करता है। इस रैंकिंग में मॉडल स्कूल ने पिछले परीक्षा परिणाम, सांस्कृतिक गतिविधियों, इंफ्रास्ट्रक्चर, शिक्षकों की उपलब्धता उनका आउटपुट, मेंटल और इमोशनल वैलबीइंग सेवाओं, खेल, अकादमिक गतिविधियों एवं अन्य आधारों पर की गई है। इन सभी क्षेत्रों में पूरे भारत से विद्यालय चयनित किए जाते हैं एवं उनके आधार पर निर्धारित मानकों में से अंक दिए जाते हैं स्कूल में उपलब्ध सुविधाओं के आधार पर मार्किंग की जाती है।माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा संचालित मॉडल हायर सेकेंडरी स्कूल टी.टी. नगर ने लगातार 3 वर्ष शासकीय क्षेत्र के विद्यालयों की कैटेगरी में अपना स्थान बनाया है। यह स्कूल प्रदेश का एकमात्र स्कूल बन गया है, जिसने शिक्षा की गुणवत्ता के आधारपर अपना स्थान बनाया है। नई दिल्ली में आयोजित समारोह में केन्द्र सरकार के वित्तीय सलाहकार विनय प्रताप सिंह ने मॉडल स्कूल की प्राचार्य रेखा शर्मा को गुरूवार को पुरस्कृत किया गया।

मॉडल स्कूल में स्टूडियो क्लास शुरू की गई। इससे अन्य स्कूल वर्चुअली जुड़कर मॉडल स्कूल में जो लैक्चर होते हैं, उनका वे लाभ उठा रहे हैं। स्कूल में बनाई गई साइकालॉजी लैब में बच्चों का समय-समय पर टेस्ट होता है, इससे पता चलता है कि बच्चा पढ़ाई के बोझ के कारण किसी प्रकार के तनाव में तो नहीं है। मॉडल स्कूल की प्राचार्य श्रीमती रेखा शर्मा ने बताया कि यह गौरव सभी सरकारी स्कूलों के लिये है। इस उपलब्धि को हासिल करने के लिये माध्यमिक शिक्षा मंडल बोर्ड के अधिकारियों और विद्यालय के संपूर्ण स्टाफ का विशेष योगदान रहा है।

### निकायों की मतदाता सूची के संबंध में अब 24 अक्टूबर तक लिए जाएंगे दावे आपत्ति

भोपाल (निप्र)। सचिव राज्य निर्वाचन आयोग दीपक सिंह ने जानकारी दी है कि त्रिस्तरीय पंचायत एवं नगरीय निकायों की फोटोयुक्त मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण का संशोधित कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। पुनरीक्षण 1 जनवरी 2025 की संदर्भ तारीख के आधार पर किया जा रहा है। फोटोयुक्त मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन पहले 13 नवंबर को होना था। अब 21 नवम्बर 2025 को होगा। फोटोयुक्त प्रारूप मतदाता सूची का विहित स्थानों पर सार्वजनिक प्रकाशन 8 अक्टूबर 2025 को किया जा चुका है। प्रारूप मतदाता सूची के संबंध में अब 24 अक्टूबर तक दावे आपत्ति लिए जाएंगे। पहले 8 से 17 अक्टूबर तक दावे-आपत्ति लिये जाने थे।



### जिला स्तरीय योग प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन

सीहोर (निप्र)। जिला स्तरीय योग महिला प्रतियोगिता 2025-26 में प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस, चंद्रशेखर आज़ाद शासकीय स्नातकोत्तर अग्रणी महाविद्यालय, सीहोर ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। महाविद्यालय की प्रतिभाशाली छात्राओं ने प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर संस्थान का नाम गौरवान्वित किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रोहिताश्व कुमार शर्मा, क्रीड़ा अधिकारी अनिल पिपलोदिया, योग विभाग के डीन डॉ. मनोज शर्मा एवं महाविद्यालयीन स्टॉफ ने संपूर्ण टीम को हार्दिक बधाई दीं।

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक कृष्णकांत सक्सेना की ओर से आलोक प्रेस तलैया,भोपाल एवं श्री बालाजी प्रिंटर्स, प्लाट नं.21,सेक्टर-एच,इंडस्ट्रियल एरिया,गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा 09 वैशाली नगर ग्राम शेरपुर शंकर मंदिर के पास सीहोर म.प्र. से प्रकाशित। ब्यूरो प्रमुख -भावना सक्सेना।
स्थानीय प्रतिनिधि-मनोज दीक्षित, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। मो.9425025999 ई-मेल - dainikkshitijkiran@gmail.com, वेबसाइट- www.kshitijkiran.com